नई दिल्ली
शनिवार 28 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 316
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल सहित सभी आरोपी बरी : 'आप'

# फैसले के बाद अरविंद केजरीवाल बेहद भावुक हो उठे और फूट-फूट कर रोने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउस एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में बरी कर दिया। साथ ही, कोर्ट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और 'आप' पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया समेत सभी आरोपियों को भी बरी कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई की जांच पर सख्त टिप्पणी की और जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए। इस फैसले के बाद अरविंद केजरीवाल बेहद भावुक हो उठे और फूट-फूट कर रोने लगे। उन्होंने रोते हुए कहा कि केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है। यह पूरा केस फर्जी था। आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। सत्यमेव जयते। राउस एवेन्यू कोर्ट के फैसले के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार हमारे ऊपर शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, शुक्रवार को कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया। सत्य की जीत हुई। केजरीवाल ने कहा कि मेरे खिलाफ आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया था। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए पार्टी के सबसे बड़े पांच नेताओं को जेल में डाल दिया गया। यहां तक कि सिटिंग मुख्यमंत्री, जो आज तक भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ, सिटिंग मुख्यमंत्री को उनके घर से घसीट कर जेल में डाला गया और छह महीने तक जेल में रखा गया। पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लगभग 2 साल तक जेल में रखा गया। पूरा का पूरा फर्जी केस था। केजरीवाल ने कहा कि हमारे ऊपर कीचड़ फेंका गया। लेकिन केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपनी जिंदगी में केवल ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया और आज यह साबित हो गया। कोर्ट ने कहा है कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार है। आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार है।

*फैसले के बाद भावुक हो उठे और फूट-फूट कर रोने लगे केजरीवाल, बोले केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है*



## रोड शो कर पार्टी मुख्यालय पहुंचे केजरीवाल

कोर्ट के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय पर शाम 4 बजे प्रेसवार्ता की। वह पार्टी मुख्यालय पर पहुंचते, उससे ही उनके आवास पर भारी तादात में नेताओं और कार्यकर्ताओं भी भीड़ जमा हो गई। सभी में खुशी का माहौल था और एक-दूसरे को गले लगाकर सबने इस जीत की बधाई दी। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने वहां से रोड शो के जरिए पार्टी मुख्यालय पर प्रैसवार्ता की। इस प्रैसवार्ता में केजरीवाल के साथ्ज्ञ मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज व पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक शामिल थे।

### भाजपा ने राजनीति में शराब घोटाला शब्द का खूब इस्तेमाल किया

प्रैसवार्ता में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने पिछले चार साल से 'शराब घोटाला' शब्द का भारतीय राजनीति में खूब इस्तेमाल किया है। सभी जान रहे हैं कि किस तरह से पिछले चार साल से ईडी, सीबीआई और सारी संस्थाओं का इस्तेमाल करके हमारे ऊपर शराब घोटाले नाम का एक आरोप लगाया गया। केजरीवाल ने बताया कि कोर्ट ने लगभग 600 पन्नों के आदेश में सारे सबूतों और सारे गवाहों को मद्देनजर रखते हुए यह कहा है कि केस में इतना भी सबूत और गवाहों के बयान नहीं हैं कि इसमें मुकदमा तक चलाया जा सके। यह आर्डर एक ऐतिहासिक आर्डर है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### एक साल में भाजपा सरकार ने दिल्ली का बेड़ा गर्क कर दिया

*अरविंद केजरीवाल ने बताया कि हमारे परिवारों ने बहुत भुगता है, लेकिन वह महत्वपूर्ण नहीं है। हम लोग महत्वपूर्ण नहीं हैं और हमारा परिवार भी महत्वपूर्ण नहीं है। लेकिन मोदी जी और अमित शाह जी के षड्यंत्र का खामियाजा जो दिल्ली भुगत रही है, दिल्ली के 3 करोड़ लोग भुगत रहे हैं, उसकी भरपाई कौन करेगा? आज दिल्ली में कहीं चले जाएं, सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं। अस्पतालों में दवाइयां मिलनी बंद हो गई हैं और मोहल्ला क्लीनिक बंद किए जा रहे हैं। स्कूलों का बुरा हाल हो रहा है। पूरी दिल्ली में प्रदूषण इतना ज्यादा बढ़ गया है, जितना दिल्ली की जनता ने कभी नहीं देखा था। यमुना का बहुत बुरा हाल हो गया है। उन्होंने भाजपा से एक ऐसी चीज बताने को कहा जो उन्होंने दिल्ली में ठीक की हो। एक साल में भाजपा की सरकार ने पूरी दिल्ली का बेड़ा गर्क कर दिया है।*

सच्चाई का फैसला होकर रहेगा, इसलिए केजरीवाल घड़ियाली आंसू न बहाएं

# दिल्ली की जनता के गुनहगार हैं केजरीवाल: रेखा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले मामले में कोर्ट के आए फैसले के संबंध में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली की जनता के गुनहगार हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार उनके कार्यकाल में सामने आए कथित शराब घोटाले के मामले में निचली अदालत द्वारा दिया गया फैसला अंतिम सत्य नहीं है, बल्कि यह केवल कानूनी प्रक्रिया का एक हिस्सा है। सच्चाई का फैसला होकर रहेगा, इसलिए केजरीवाल घड़ियाली आंसू न बहाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं और अदालतों के निर्णयों का आदर करते हैं।

इस फैसले को 'क्लीन चिट' बताकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने आदेश में 'साक्ष्य के अभाव' की बात कही है। साक्ष्य पर्याप्त न होना और पूरी तरह बेगुनाह होना दो अलग बातें हैं। कानून की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और मामला हाई कोर्ट में जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कुछ सीधा सवाल रखना चाहती हैं, जिनका जवाब दिल्ली की जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर शराब नीति इतनी ही शानदार और राजस्व बढ़ाने वाली थी, तो जांच शुरू होते ही उसे वापस क्यों लिया गया। नई नीति रद्द कर पुरानी नीति पर यू-टर्न क्यों लिया गया।

### बरी होने का मतलब 'क्लीन चिट' नहीं

*सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि लगभग 200 दिनों की अवधि में 160 से 170 मोबाइल फोन बदले गए। इतनी बड़ी संख्या में फोन बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ी। डिजिटल रिकॉर्ड को लेकर सवाल क्यों खड़े हुए। यदि छिपाने जैसा कुछ नहीं था तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न ही क्यों हुईं। यह सब अपने आप में गंभीर संदेह पैदा करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले अपने आदेशों में बड़े पैमाने पर धन लेन-देन के प्रथम दृष्टया संकेतों का उल्लेख किया था। इसी प्रकार दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी इस मामले को गंभीर माना था। मुख्यमंत्री के अनुसार जमानत मिलना क्लीन चिट नहीं होती। कानूनी प्रक्रिया में जमानत और दोषमुक्ति अलग-अलग बातें हैं।*

### सत्य सामने आएगा और अंतिम फैसला अभी बाकी है

*रेखा गुप्ता ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में हजारों करोड़ रुपये के संभावित राजस्व नुकसान की बात सामने आई है। वह पैसा दिल्ली की जनता का है। जनता का भरोसा किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि उस भरोसे को ठेस पहुंची है तो जवाबदेही तय होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई स्वयं को कट्टर ईमानदार कहता है तो जांच से भागने के आरोप क्यों लगे। समन को नजरअंदाज करने की खबरें क्यों आईं। कट्टर ईमानदार नेता सवालों से भागता नहीं, बल्कि उनका सामना करता है और जवाब देता है।उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अपना राजनीतिक फैसला पहले ही दे दिया है। अब न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उच्च अदालतें साक्ष्यों की फिर से जांच करेंगी और तथ्य सामने आएंगे। हमें न्यायिक व्यवस्था पर पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि कानून का सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है, लेकिन जवाबदेही से कोई भी ऊपर नहीं है। सत्य सामने आएगा और अंतिम फैसला अभी बाकी है।*

अगले सप्ताह सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक

# कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा की हुई शुरुआत, मुंबई पहुंचे

- विदेश मंत्रालय ने किया भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के तहत मुंबई पहुंचे पीएम कार्नी का हार्दिक स्वागत
- कहा, उनकी ये यात्रा दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत शुक्रवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी मुंबई पहुंचे। जहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर महाराष्ट्र के प्रोटोकॉल और विपणन मंत्री जय कुमार रावल ने उनका शानदार अंदाज में स्वागत किया। पीएम कार्नी की 2 मार्च को सुबह करीब साढ़े दस बजे राष्ट्रीय राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय होगी। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों और



आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर मुंबई पहुंचे कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का हार्दिक स्वागत है। हवाई अड्डे पर महाराष्ट्र सरकार के ▶▶ शेष पेज 5 पर

बोलीं राष्ट्रपति, मेरे लिए स्वदेशी एलसीएच में उड़ान भरना समृद्ध अनुभव के समान है

# पोखरण में वायुसेना के हौसले देख कांपा पाकिस्तान, राष्ट्रपति ने भरी 'प्रचंड' उड़ान

- सफलता के साथ संपन्न हुआ 'वायुशक्ति-2026' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शाम के धुंधलके और उसके साथ गहराती रात के अंधेरे में पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान में शुक्रवार को जो कुछ हुआ। वो भारतीय वायुसेना के इतिहास में किसी मील के पत्थर से कम नहीं है। जी हां, यहां हम बात कर रहे हैं पोखरण रेंज में हुए 'वायुशक्ति-2026' युद्धाभ्यास की। जिसमें एक ओर वायुसेना ने अपने शस्त्रागार में मौजूद छोटे से बड़े सभी आयुधों का दमदार अंदाज में प्रदर्शन किया। वहीं, इस आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद



तीनों सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर यानी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसलमेर में बल के बेड़े में शामिल स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) में पहली ऐतिहासिक उड़ान भरी। रक्षा मंत्रालय ने 27 फरवरी को एक आधिकारिक के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि युद्धाभ्यास में राष्ट्रपति के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

चेन्नई में आयोजित किए गए समारोह की नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने की अध्यक्षता

2026 में बल के बेड़े में शामिल किए जाएंगे डेढ़ दर्जन युद्धपोत

# दुश्मन की पनडुब्बियों का काल 'आईएनएस अंजदीप' नौसेना के जंगी बेड़े में हुआ शामिल

- बोले नौसेनाप्रमुख, जटिल सुरक्षा माहौल में नौसेना की मदद से बेरोकटोक जारी रहा समुद्री व्यापार और ऊर्जा आवाजाही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन के आक्रामक रुख और पाकिस्तान को मिलते उसके सहयोग से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में देश की समुद्री शक्ति में शुक्रवार को कई गुना का इजाफा देखने को मिला। मौका था चेन्नई के ऐतिहासिक कोरोमंडल तट पर आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में हुए दुश्मन की पनडुब्बियों के काल या डॉल्फिन हंटर की संज्ञा से सुसज्जित स्वदेशी 'आईएनएस अंजदीप' पोत के जलावतरण का। जिसकी अध्यक्षता नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने की। ये पनडुब्बी रोधी युद्धकौशल और नौसेना की उथले जल वाली परियोजना (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) का हिस्सा है। इस श्रेणी के कुल 16 पोत समुद्री सेना को मिलने हैं, जिनमें से ये चौथा है। पोत की आधिकारिक तैनाती नौसेना की पूर्वी कमांड में की जाएगी। जिसके तहत तमिलनाडु और पश्चिम-बंगाल की ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अंजदीप में 80% स्वदेशी सामग्री

अंजदीप का निर्माण देश में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसे कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और लार्सन एंड टुब्रो के कट्टुपल्ली शिपयार्ड ने संयुक्त रूप से बनाया गया है। पोत में कुल 80 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जो रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भरता का बढ़ता हुआ प्रतीक है। इसकी लंबाई 77 मीटर और वजन 1 हजार 400 टन है। समुद्र में ये 25 समुद्री मील से अधिक की गति से विचरण कर सकता है। जिसके लिए इसमें हाई-स्पीड वॉटर-जेट सिस्टम लगाया गया है। समुद्री निगरानी क्षमता की बात करें तो अंजदीप लगभग 3 हजार से अधिक दिनों तक समुद्री संचालन में माहिर है। पूर्व में भी नौसेना के बेड़े में अंजदीप नाम का एक पोत शामिल था। जिसे करीब तीन दशक की देशसेवा के बाद 2003 में सेवामुक्त किया गया। अब ये पोत इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बल के बेड़े में शामिल हुआ है।

### 2023 में 400 जहाज सुरक्षित निकाले

*एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि 2023 में लाल सागर के इलाके में भारतीय नौसेना की तैनाती के बाद से हमने करीब 400 वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित आवाजाही में मदद की है। जिन पर कुल 16.5 मिलियन मीट्रिक टन तेल और कार्गो लदा हुआ था। इसकी कीमत 7 बिलियन डॉलर के पार रही है। आज भी हमारे युद्धपोत क्षेत्र में सहयोगी मित्र देशों के साथ लगातार समुद्री तैनाती पर डटे हुए हैं।*

### भारत के लिए यूं अहम आईओआर

*नौसेनाप्रमुख ने कहा, विद्वान और पेशेवर 21वीं सदी की समुद्री शताब्दी कहते हैं। जिसमें हमारा हिंद महासागर क्षेत्र मुख्य केंद्र रहने वाला है। इसमें कुल 33 देश और उनकी 2.9 बिलियन जनसंख्या रहती है। जिसे हम दुनिया की 40 फीसदी आबादी का निवास स्थल भी कह सकते हैं। आईओआर का समुद्री इलाका ज्यादा जटिल है। क्योंकि हर साल यहां से होकर दुनियाभर के 1 लाख 20 हजार जहाज गुजरते हैं। जिसमें दो-तिहाई तेल के जहाज, एक-तिहाई माल और 50% कंटेनर ट्रैफिक शामिल है। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि आईओआर देशों के बीच महज 20 फीसदी व्यापार होता है। जबकि 80% का संबंध बाहरी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।*




## मुख्यमंत्री ने लोगों से किया सीधा संवाद

# दिल्ली की जनता ने देखी है 'बदहाली से बदलाव' की यात्रा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





पिछले एक साल में दिल्ली की जनता ने बेहाली से बदलाव की यात्रा देखी है। अपने प्रवास के पांचवे दिन शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर पश्चिम लोकसभा के स्थानीय लोगों के साथ स्थानीय सांसद एवं प्रवास कार्यक्रम के संयोजक योगेन्द्र चंदोलिया के साथ अपनी सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर चर्चा के दौरान यह संबोधन दिया।

उन्होंने अपने एक वर्ष के कार्यकाल को 'बदहाली से बदलाव' की यात्रा बताते हुए कहा कि इस दौरान क्षेत्र में सड़क, पानी और सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं का युद्धस्तर पर विस्तार किया गया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में लगातार विकास कार्यों पर हमारी सरकार ध्यान दे रही है। जब भी वह उत्तर पश्चिम क्षेत्र के मुंडका, बवाना, नरेला, किराड़ी और सुल्तानपुर माजरा जैसे ग्रामीण इलाकों में आती हैं तो उन्हें अपने परिवार के बीच होने का अनुभव होता है।

मुंडका विधानसभा क्षेत्र के लिए 264 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाना यहां के लिए बड़ी सौगात है। कार्यक्रम में सीएम रेखा गुप्ता व सांसद चंदोलिया ने यहां लोगों से संवाद कर सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा कर उन्हें घर-घर पहुंचाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के संयोजक सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इन्द्रराज, उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत, बाहरी दिल्ली जिलाध्यक्ष रामचन्द्र चावरिया, विधायक राजकरण खत्री, दीपक चौधरी, कुलवंत राणा, गजेन्द्र दराल, मनोज शौकीन एवं राजकुमार चौहान, जिला प्रभारी चौधरी महक सिंह एवं रमेश शोखंदा, जिला सह-प्रभारी पूनम चौहान एवं सोना कुमारी, योगेश आत्रे, अनेक प्रदेश, जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि उत्तर पश्चिम लोकसभा में जो भी समस्याएं हैं वह आने वाले चार सालों में हम समाधान करके दिखाएंगे और एक आदर्श लोकसभा स्थापित करने का काम करेंगे लेकिन उसके लिए हम सभी चाहे वह पार्षद हो विधायक हो या मैं स्वयं, को आप सभी जनता का आशीर्वाद चाहिए। अगर कही कोई दिक्कत हो तो तुरंत बताइए जिससे हम उसको समाधान कर सके क्योंकि दिल्ली में अब तीन इंजन की सरकार है और पहले की सरकारों की तरह क्रेडिट लेने की होड़ नहीं है।

### आने वाले समय में सबसे अधिक पार्षद उत्तर पशिचम लोकसभा से होंगे : चांदोलिया

सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा कि पुराने मुख्यमंत्री थे वह पैसे को डकारते थे लेकिन भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधायकों को 100-100 करोड़ रुपये देकर विकास की नई गाथा लिखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं और इसे देखते हुए मैं दावा कर सकता हूं कि आने वाले नगर निगम चुनाव में अगर किसी लोकसभा से सबसे अधिक पार्षद होंगे तो वह उत्तर पश्चिम लोकसभा होगा।

# सिम पोर्ट कर ठगी करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी साइबर पुलिस ने सिम पोर्टिंग के जरिए ऑनलाइन फाइनेंशियल धोखाधड़ी के एक मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों सगे भाई है और बुराड़ी के रहने वाले हैं। इनके नाम सचिन और नितिन बताये गये हैं। इनके पास से एक मोबाइल फोन और एक एटीएम कार्ड बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता महिला पत्नी दीपक कुमार गुप्ता, निवासी सेक्टर-06, रोहिणी ने बताया कि 21 जनवरी को वह अपने बेटे के साथ एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने कानपुर गई थी।

अगले दिन दिल्ली लौटते समय उनकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई जिसने अपना परिचय सचिन गुप्ता निवासी बुराड़ी के रूप में दिया। उसके साथ एक युवती भी थी जिसने खुद को उसकी भाभी बताया। सफर के दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता और उसके बेटे का भरोसा जीता और कॉल करने के बहाने उनके मोबाइल फोन ले लिए। कुछ समय बाद डिवाइस वापस कर दिए गए। इसके बाद अगले दिन शिकायत करने वाली महिला और उसके बेटे के मोबाइल नंबर अचानक डीएक्टिवेट हो गए। 30 जनवरी को महिला के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर 20,550, 2,627 और 25,687 के तीन ट्रांजैक्शन धोखे से किए गए। बाद में उसे पता चला कि वह साइबर फ्रॉड का शिकार हो गई है और उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर फाइनेंशियल फ्रॉड के बारे में ऑनलाइन कंप्लेंट की, जिस पर बाद में एफआईआर दर्ज की गई। जांच के दौरान पता चला कि दोनों मोबाइल नंबर धोखे से जियो में पोर्ट किए गए थे और नितिन कुमार गुप्ता निवासी नाथूपुरा, बुराड़ी के नाम पर जारी किए गए।

जांच के दौरान मनी ट्रेल को फॉलो किया गया और पता चला कि 30 जनवरी को आरोपी नितिन कुमार के कोटक महिंद्रा बैंक के बैंक अकाउंट में 20 हजार का ट्रांजैक्शन किया गया था। उसी दिन एटीएम से रकम निकाल ली गई थी। एक और महिला के नाम पर एनएसडीएल पेमेंट बैंक अकाउंट में 25 हजार रुपये का एक और ट्रांजैक्शन क्रेडिट किया गया था। जांच के दौरान ठगों के नाथूपुरा में रहने का पता चला। इसके बाद पुलिस ने नाथूपुरा में रेड कर दो आरोपियों सचिन कुमार गुप्ता निवासी प्रदीप विहार, नाथूपुरा और नितिन कुमार गुप्ता दोनों सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया।

# साइबर ठगों को 'म्यूल' बैंक खाते उपलब्ध कराने वाली युवती अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने साइबर ठगों को 'म्यूल' खाते उपलब्ध कराने वाली 22 वर्षीय युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपी कथित तौर पर बड़े साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क से जुड़े 'म्यूल' (ठगी का पैसा लेने के लिए इस्तेमाल किए गए) बैंक खातों के संचालन में शामिल थी। पुलिस ने उसके पास से दर्जनों एटीएम कार्ड, चेकबुक और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद करने का दावा किया हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी युवती की पहचान रश्मि के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा पश्चिम की निवासी है। उसे रोहिणी पुलिस ने गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर धोखाधड़ी की कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद पांच फरवरी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किए गए एक मामले के संबंध में यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पता चला कि विजय विहार निवासी असलम के नाम पर दो बैंक खातों का ठगी की धनराशि प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। बेंगलुरु में एक पीड़ित से 50 हजार और तेलंगाना में एक अन्य पीड़ित से 3.8 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी युवती ने कबूला कि वह साइबर धोखाधड़ी करने वालों को कमीशन के आधार पर 'म्यूल' बैंक खाते उपलब्ध कराती थी। इन खातों का इस्तेमाल फर्जी क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजनाओं, धोखाधड़ी वाले ऑनलाइन ट्रेडिंग मंचों और निवेश पर उच्च लाभ देने के नाम पर ठगी के लिए किया जाता था। धोखाधड़ी से प्राप्त धन को पकड़े जाने से बचने के लिए कई खातों में भेजा गया था। रश्मि ने खुलासा किया कि बैंक खाता किट सह-आरोपी छाया द्वारा उपलब्ध कराई गई थी, जिसे इस मामले में

# निगम मुख्यालय में रोमानिया और दिल्ली के महापौर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मिलिसाउटी, रोमानिया के महापौर वासिले कारारे ने अपनी धर्मपत्नी कारारे के साथ शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह से मुलाकात की। इस भेंट का उद्देश्य दिल्ली की नगर प्रशासन व्यवस्था को गहराई से समझना तथा दोनों शहरों के बीच सहयोग और ज्ञान आदान-प्रदान की संभावनाओं का अन्वेषण करना था।

प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने विशिष्ट अतिथियों की मेजबानी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि "आपका दिल्ली में स्वागत करना हमारे लिए अत्यंत सम्मान की बात है, एक ऐसा शहर जो आपके सुंदर नगर की तरह इतिहास की निरंतरता और आधुनिक प्रगति की धड़कन का प्रतीक है। कहा जाता है कि कुछ शहर जमीन पर बसते हैं, जबकि कुछ कहानियों पर। आज हमारी कहानियाँ एक-दूसरे से जुड़ रही हैं।" महापौर कारारे ने दिल्ली के महापौर को रोमानिया आने का औपचारिक निमंत्रण दिया, ताकि शहरी सतत विकास, ऐतिहासिक केंद्रों के संरक्षण और शहर प्रशासन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सके तथा पारस्परिक सीख को बढ़ावा दिया जा सके। बैठक में एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त लीला धर मेघवाल, संजीव कुमार मित्तल, बी.एस. जगलान तथा डॉ. सत्येंद्र सिंह दुर्सावत, असेसर एवं कलेक्टर ममता यादव सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने निगम के प्रमुख कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें नगर प्रशासन, ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएएस), कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण तंत्र, संपत्ति कर प्रबंधन तथा विभिन्न नागरिक-केंद्रित सेवाएँ एवं पहल शामिल थीं।

### सर्वोत्तम नागरिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : खिरवार

एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि दिल्ली विश्व के प्रमुख महानगरों में से एक है, जिसकी तुलना टोक्यो और न्यूयॉर्क जैसे वैश्विक शहरी केंद्रों से की जा सकती है, और इस कारण इसे विशिष्ट एवं जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि निगम सभी नागरिकों को सर्वोत्तम नागरिक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कई नई पहलें शुरू की गई हैं और सेवा वितरण तंत्र को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है।

## जेएनयू प्रदर्शन केस में छात्र संघ अध्यक्ष समेत 14 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में गुरुवार शाम हुए हिंसक प्रदर्शन के सिलसिले में 14 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) की अध्यक्ष अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष गोपिका बाबू, पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार और संयुक्त सचिव दानिश अली व अन्य शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि वसंत कुंज उत्तर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। गौरतलब है कि गुरुवार शाम को जेएनयूएसयू के सदस्य परिसर के साबरमती टी-पॉइंट पर एकत्र होकर शिक्षा मंत्रालय की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिये गेट पर ताला लगा दिया था। लेकिन प्रदर्शनकारी छात्रों ने गेट का ताला तोड़कर पुलिस के साथ मारपीट की थी। उसी सिलसिले में ये केस दर्ज किया गया और गिरफ्तारियां हुई। दरअसल यह प्रदर्शन जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित द्वारा एक पॉडकास्ट में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के क्रियान्वयन, जेएनयूएसयू पदाधिकारियों के निष्कासन और प्रस्तावित रोहित अधिनियम को लेकर की गई हालिया टिप्पणियों के विरोध में जारी आंदोलन का हिस्सा था।

## डीडीए के 26वें एलजी गोल्फ कप टूर्नामेंट का आयोजन 13 मार्च से, आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने घोषणा की है कि इस बार 26 वां एलजी गोल्फ कप टूर्नामेंट का आयोजन 13 मार्च 2026 से कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। इस बारे में डीडीए द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी प्राधिकरण एलजी गोल्फ कप टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 13 मार्च 2026 से कुतुब गोल्फ कोर्स में होगी। जिसके तहत 13, 14, 15, 20 और 21 मार्च 2026 को प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। डीडीए ने गोल्फ खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। अच्छे तरीके से खेलने वाले गोल्फर्स और पे-एंड-प्ले पार्टिसिपेंट्स के लिए प्रतियोगिता खुली है। डीडीए बहुत जल्द प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पंजीकरण प्रतिक्रिया शुरू करेगा जिसमें फीस और फैक्ट शीट आदि की पूरी जानकारी दी जाएगी।

# नाबालिग की हत्या कर शव जलाने के केस में दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट जिले के आदर्श नगर में एक नाबालिग की हत्या कर शव जलाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम गौरव उर्फ कालिया और विनय बताये गये हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि यह हत्या रंजिश के चलते की गई है। कालिया ने पुराने विवाद का बदला लेने के मकसद से वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार गत 12 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे थाना आदर्श नगर में पीसीआर कॉल मिली कि मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास एक बच्चे का जला शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान विष्णु निवासी जेलर वाला बाग, अशोक विहार फेज-2 के रूप में हुई। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि विष्णु अगस्त 2025 में दीपक नाम के शख्स की हत्या के मामले में शामिल था। इस कारण उसे जुवेनाइल होम भेजा गया था। 31 जनवरी को वह जमानत पर रिहा हुआ था। हाल के दिनों में वह परेशान दिख रहा था क्योंकि आजादपुर निवासी गौरव उर्फ कालिया और उसके साथी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। 11 फरवरी को विष्णु घर से निकला और वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल फोन भी बंद था। इसके बाद टीम ने आरोपी विनय को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान विनय ने अपने साथी गौरव के साथ मिलकर विष्णु की हत्या करने की बात स्वीकार की। आखिर में गौरव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी गौरव मृतक दीपक का पड़ोसी था और उसे अपना चाचा मानता था।

## स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** 'शैक्षणिक संस्थाओं का मुख्य ध्येय व्यक्ति एवं व्यक्तित्व का निर्माण करना तो है ही साथ ही साथ युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी है। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के 59वें श्रद्धा तरंग वार्षिक उत्सव एवं त्रिदिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने यह संबोधन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकरण खत्री ने दिल्ली सरकार द्वारा महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही। कॉलेज प्राचार्य प्रो. प्रवीण गर्ग ने कॉलेज का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज के शैक्षणिक प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का कुशल मंचीय प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी डॉ धर्मवीर भारद्वाज ने किया। बता दें कि यह कॉलेज का यह कार्यक्रम 25, 26 और 27 फरवरी को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसडीएम अलीपुर आदित्य कुमार झा, सहायक पुलिस आयुक्त अलीपुर रवि नंदन, क्षेत्रीय निगम पार्षद योगेश राणा एवं कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष प्रो. राज किशोर शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रवीण गर्ग सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया।

## एक ही फ्लैट कई लोगों को बेचने वाले दंपति अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने द्वारका इलाके में एक ही फ्लैट कई लोगों को बेचकर ठगी करने के आरोप में दंपति को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान द्वारका सेक्टर-9 निवासी नरेश कुमार सीकरी (57) और पत्नी शारदा सीकरी के तौर पर हुई है।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि दंपति ने बैंक के पास गिरवी रखी गई संपत्ति कई लोगों को बेचकर उनके साथ ठगी की। दंपति ने कई लोगों को दो से ढाई करोड़ रुपये का चूना लगाया। उन्होंने बताया कि शारदा को लंबे समय तक फरार रहने के कारण गत वर्ष सितंबर में दिल्ली की एक अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस के अनुसार 2024 में दंपति के खिलाफ द्वारका दक्षिण थाने में धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज किए गए थे। जब शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शारदा सीकरी ने अपने फ्लैट के संबंध में बिक्री समझौते कर बड़ी रकम ले ली, लेकिन बिक्री प्रक्रिया पूरी नहीं की। आरोपी बाद में फरार हो गए थे। आजकल दंपति ग्रेटर नोएडा में छुपा हुआ था।

## तलाशी अभियान व छापेमारी के बाद लूटा गया पूरा माल बरामद

# नकदी एवं आईफोन लूट केस में पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर थाना एरिया में एक व्यक्ति से 15 लाख रुपये और 22 आईफोन लूटने के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब व जम्मू-कश्मीर में एक सप्ताह से अधिक समय तक चलाए गए तलाशी अभियान व छापेमारी के बाद लूटा गया पूरा माल बरामद हो गया।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार टीम ने घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लंबी यात्रा के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह मामला 17 फरवरी को तिमारपुर थाने में दर्ज किया गया था। जम्मू निवासी शिकायतकर्ता रमेश लाल (39) एक मोबाइल की दुकान में काम करते हैं। 16-17 फरवरी की दरमियानी रात को वह सामान की खरीद फरोख्त के लिए जम्मू से दिल्ली जाने वाली एक निजी बस में सवार हुए थे। उनके पास 15 लाख रुपये नकद और एक बैग में 30 लाख रुपये कीमत के 22 आईफोन थे। उनके पास एक छोटा बैग भी था जिसमें उनका निजी मोबाइल फोन था। डीसीपी ने बताया कि 17 फरवरी को सुबह करीब 7.15 बजे लाल उत्तरी दिल्ली के मजनूं का टीला पर बस से उतरे। उसी बस में सफर कर रहे तीन अज्ञात पुरुष और तीन महिलाएं भी वहीं उतरे। जैसे ही शिकायतकर्ता ऑटो में चढ़ने लगा छह लोगों ने उन्हें घेर लिया और उन पर छेड़छाड़ और मारपीट के झूठे आरोप लगाने शुरू कर दिए। अफरा-तफरी में पुरुष आरोपी नकदी और 22 आईफोन से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

हालांकि, उनके निजी मोबाइल फोन और आम जनता की मदद से तीनों महिलाओं को मौके पर ही पकड़ लिया गया। शिकायतकर्ता का छोटा बैग बरामद कर लिया गया और महिलाओं को तिमारपुर थाने लाया गया। पूरी घटना इलाके के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो गई थी। शिकायतकर्ता का लूटा हुआ मोबाइल फोन महिलाओं से बरामद हुआ। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान हाशु बीबी (23), जूना बेगम (31) और मनीवा अख्तर (24) के रूप में हुई। सभी जम्मू की रहने वाली हैं। पूछताछ के दौरान महिलाओं ने खुलासा किया कि इस अपराध में छह लोग शामिल थे और जम्मू निवासी परवेज इस साजिश का मुख्य सूत्रधार था। आरोपी महिलाओं ने बताया कि तीनों पुरुष आरोपी साजिश के अनुसार जम्मू लौट गए थे। आरोपियों की तलाश में तीन अलग अलग टीमों को जम्मू भेजा गया, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए।

पुलिस ने बताया कि 20 फरवरी को एक आरोपी का ठिकाना चंडीगढ़ में पता चला, जिसके बाद एक टीम तुरंत वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अग्रिम जमानत के लिए एक वकील से मिलने जा रहा था, क्योंकि उसे पता था कि पुलिस उसकी तलाश में है। उसने खुलासा किया कि लूटा गया सामान परवेज ले गया है। एक अन्य टीम ने तारिक हुसैन (33) का पता लगाया। हुसैन अपने पैतृक गांव और उधमपुर के बीच चलने वाली दो निजी बसों का मालिक है। बसों के शुरुआती और अंतिम बिंदुओं पर जाल बिछाया गया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। पुलिस ने फिर पांच दिनों तक उधमपुर के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में यात्रा की, घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों को पार किया। कई जगहों पर सड़कें पूरी तरह से नदारद थी। कठिन भूभाग के कारण मोबाइल निगरानी में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करते हुए, टीम ने घोर अंधेरे में लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पैदल तय की और नागरिक सुविधाओं के बिना वन क्षेत्रों में रात बिताई। पुलिस ने बताया कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में 1,500 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में आठ दिनों तक चली खोजबीन के बाद तारिक को उसके पैतृक गांव के पास एक वन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर दो लाख रुपये नकद बरामद हुए। शुरू में उसने शेष सामान के बारे में जानकारी छुपाई, लेकिन पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि परवेज ने उसे लूटा गया सामान छिपाने के लिए दिया था। उसकी सूचना पर शेष 13 लाख रुपये नकद और 21 आईफोन उसके घर के उस हिस्से से बरामद किए गए जहां पशु रखे जाते हैं। पुलिस ने बताया कि लूटी गई नकदी और मोबाइल फोन की 100 प्रतिशत बरामदगी हो चुकी है। पुलिस परवेज की तलाश में जुटी है।


## रेलवे स्क्रैप सामग्री की बिक्री के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम

रंगिया मंडल डिपों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ई-नीलामी के जरिये स्क्रैप लॉट की बिक्री के लिए **मार्च/2026** माह के लिए निम्न दिये गये विवरण के अनुसार स्पेशल ई-नीलामी का कार्यक्रम तय किया गया हैं।

| क्र.स. | माह/वर्ष | नीलामी कार्यक्रम सं. | नीलामी शुरू की तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1 | मार्च/2026 | NFRRNY30N2025033 | 27-03-2026 / 11:00:00 |

इच्छुक बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि पंजीयन, प्रशिक्षण, ई-नीलामी में भागीदारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) के जरिये बोली लगाएं।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पांडू

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **कपिल उर्फ महेश उर्फ मुंशी पुत्रः** उपेंद्र **पताः** ई-ब्लॉक मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 174/2024 U/s 379/356/411/34 IPC थानाः पश्चिम विहार ईस्ट दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल उर्फ महेश उर्फ मुंशी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल उर्फ महेश उर्फ मुंशी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 174/2024 U/s 379/356/411/34 IPC थानाः पश्चिम विहार ईस्ट दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कपिल उर्फ महेश उर्फ मुंशी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
जेएमएफसी-II, कमरा नंबर 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2586/OD/2026
(Court Matter)

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी

# 'देखो मेरी दिल्ली': डबल डेकर इलेक्ट्रिक पर्यटक बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार से दिल्ली पर्यटन की डबल डेकर इलेक्ट्रिक टूरिस्ट बस सेवा शुरू हो गई है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रफी मार्ग से दिल्ली पर्यटन की अत्याधुनिक डबल डेकर इलेक्ट्रिक टूरिस्ट बस सेवा 'देखो मेरी दिल्ली' को हरी झंडी दिखाकर राजधानी के पर्यटन क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से डबल डेकर बस का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस पहल को सरकार की दूरदर्शी नीति और सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी मॉडल) के सफल क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री, मीडिया प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने डबल डेकर बस में सवार होकर रफी मार्ग से इंडिया गेट, अकबर रोड और तीन मूर्ति मार्ग होते हुए प्रधानमंत्री संग्रहालय तक यात्रा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल दिल्ली को आधुनिक और विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। दिल्ली अपनी ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ भारत मंडपम, यशोभूमि, नया संसद भवन, सेंट्रल विस्टा और प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे आधुनिक प्रतिष्ठानों के कारण वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रही है। यह बस सेवा पर्यटकों को एक ही यात्रा में दिल्ली की विरासत और आधुनिकता का समग्र अनुभव प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' विजन से प्रेरित होकर हमारी सरकार दिल्ली में आधुनिक विकास को गति देने के साथ-साथ अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए समान प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि प्रगति और परंपरा, दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें। उन्होंने आगे कहा कि शून्य-उत्सर्जन आधारित यह डबल डेकर ई-बस प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए सतत विकास, हरित परिवहन और स्वच्छ पर्यटन को प्रोत्साहित कर रही है।





### 63 सीटर डबल डेकर आधुनिक सुविधाओं से है लैस

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं, उन्नत सुरक्षा व्यवस्था और पैनोरमिक अपर डेक से सुसज्जित यह 63-सीटर बस पर्यटकों को आरामदायक और यादगार यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। साथ ही, यह कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नई सेवा के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को एक ही यात्रा में दिल्ली की विरासत और आधुनिकता का अद्वितीय अनुभव प्राप्त होगा। इससे राजधानी की स्वच्छ, हरित और गतिशील वैश्विक छवि और अधिक सुदृढ़ होगी।

### ग्लोबल टूरिज्म मैप में स्थापित होगी दिल्ली : कपिल

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस का शुभारंभ केवल वाहन की शुरुआत नहीं, बल्कि दिल्ली को ग्लोबल टूरिज्म मैप पर मजबूती से स्थापित करने की ओर एक कदम है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में पर्यटन के क्षेत्र में विजन और सुविधाओं की कमी व पर्यावरण की अनदेखी, दिल्ली को ट्रांजिट सिटी तक सीमित कर रही थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली अब 'ट्रांजिट सिटी' से 'डेस्टिनेशन सिटी' बन रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के उन चुनिंदा शहरों में है जहां 1,200 से अधिक स्मारक मौजूद हैं।

## दिल्ली विधानसभा समिति के समक्ष पेश हुए पंजाब के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ समीक्षा के बाद सदन के पटल पर रखी जाएगी विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट : विजेंद्र

गुरुओं के कथित अपमान मामले में शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान, पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आलोक शेखर, डीजीपी पंजाब गौरव यादव और जालंधर की पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर समिति के समक्ष उपस्थित हुए और अपना पक्ष रखा। विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत है जबकि सदस्यों में अभय कुमार वर्मा, अजय कुमार महावर, नीरज बसोया, राम सिंह नेताजी, रवि कांत, सतीश उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार और सूर्य प्रकाश खत्री शामिल हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि समिति वर्तमान में इस मुद्दे की जांच कर रही है और उसकी रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर यह बताना कठिन है कि प्रक्रिया में कितना समय लगेगा।

समिति द्वारा रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के बाद इसे सदन के पटल पर रखा जाएगा, जिसके बाद सदन समिति की सिफारिशों पर विचार-विमर्श करेगा। अंतिम निर्णय अध्यक्ष (चेयर) द्वारा लिया जाएगा। कार्यवाही के दौरान उठाए गए बेअदबी के मुद्दे का जिक्र करते हुए अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि गुरुओं के कथित अपमान से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना 6 जनवरी 2026 को सदन के पटल पर हुई थी। इस मामले के समाधान की पूरी प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। गुप्ता ने कहा कि सदन और उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। विधानसभा की गरिमा हर हाल में बरकरार रहनी चाहिए, क्योंकि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक ढांचे का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि सदन का विशेषाधिकार यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य बिना किसी बाहरी दबाव के चर्चाओं में स्वतंत्र रूप से भाग ले सकें। गुप्ता ने कहा कि सदन के प्रत्येक सदस्य के पास कुछ निश्चित विशेषाधिकार होते हैं। इन विशेषाधिकारों में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप, छेड़छाड़ या उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष गुप्ता ने आश्वस्त किया कि इस मामले में सभी कार्यवाही स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार सख्ती से संचालित की जाएगी। यह प्रक्रिया समयबद्ध, व्यवस्थित और पारदर्शी रहेगी। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा द्वारा इस संबंध में की गई कोई भी कार्रवाई किसी दुर्भावना से नहीं, बल्कि केवल न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों से निर्देशित होगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जांच का परिणाम अपनी निष्पक्षता और अखंडता के लिए सम्मान प्राप्त करे।

## 'पुस्तकालय के बिना संभव नहीं है विश्वविद्यालय का अस्तित्व'

### डीयू कुलपति ने किया रिसर्च प्रदर्शनी का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुस्तकालय के बिना विश्वविद्यालय का अस्तित्व संभव नहीं है। दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली द्वारा 102 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के आयोजन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह अकादमिक आयोजन विश्वविद्यालय में शोध उत्कृष्टता, नवाचार और ज्ञान सृजन की परंपरा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कुलपति ने प्रदर्शनी के औपचारिक उद्घाटन के बाद वहां प्रदर्शित शोध ग्रन्थों का अवलोकन भी किया। कुलपति ने यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली : डॉक्टोरल रिसर्च के डिजिटल संस्करण एवं ई-हैंडबुक का विमोचन भी किया। डीयू से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीक्षांत समारोह के अंतर्गत केंद्रीय पुस्तकालय में 26वीं एग्जिबिशन ऑफ डॉक्टोरल रिसर्च प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह प्रदर्शनी तीन मार्च तक जारी रहेगी। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो. अनिल के. अनेजा ने अपने संबोधन में शोध यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक आज के विद्यार्थियों के लिए सीखने का प्रभावी माध्यम है, किंतु मौलिकता, शैक्षणिक ईमानदारी और बौद्धिक अनुशासन ही किसी भी शोध की वास्तविक पहचान होते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि एग्जिबिशन ऑफ़ डॉक्टोरल रिसर्च नामक यह शोध प्रदर्शनी सतत ज्ञान निर्माण, नवाचार और शोध आधारित अकादमिक विकास का प्रतिनिधित्व करती है।

### दिल्ली नगर निगम के 176 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के 176 कर्मचारी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। दिल्ली नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत्त कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है कांग्रेस : अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### सोनिया गांधी के आवास के बाहर भाजपा कार्यकर्ता ने किया प्रदर्शन





कांग्रेस ने पहले देश को लूटा और अब मंदिरों को भी लूटकर देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा केरला युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास के बाहर श्री भगवान स्वामी शरणम अयप्पा मंदिर से जुड़े स्वर्ण चोरी प्रकरण को लेकर जोरदार और संगठित विरोध प्रदर्शन के दौरान सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उनके नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में केरल भाजपा युवा मोर्चा ने इस मामले में तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर गंभीर प्रश्न उठाए। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल एवं केरल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनु प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में केरल युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद थे। ठाकुर ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय सीबीआई जांच हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। वहीं, केरल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनु प्रसाद ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध व्यक्तिगत अभियान नहीं, बल्कि आस्था, पारदर्शिता और सुशासन के पक्ष में एक लोकतांत्रिक पहल है।

## होटल से संपत्ति कर बकाया के रूप में करीब पौने 12 करोड़ रुपए प्राप्त

### *निगम मुख्यालय ने सख्त कार्रवाई करते हुए जारी किया मांग पत्र*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के असेसमेंट एंड कलेक्शन विभाग (मुख्यालय) को शुक्रवार को पश्चिम विहार स्थित होटल रेडिसन ब्लू के स्वामित्व वाली फर्म से संपत्ति कर बकाया के रूप में 11 करोड़ 69 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई।

एमसीडी प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि संपत्ति कर अनुपालन की दिशा में एक सख्त कदम उठाने के बाद यह राशि प्राप्त हुई। एमसीडी ने बताया कि उक्त संपत्ति, होटल रेडिसन ब्लू, जिसका स्वामित्व मेसर्स तिरुपति इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. के पास है, पश्चिम विहार दिल्ली में स्थित है। यह संपत्ति परिसमापन (लिक्विडेशन) की प्रक्रिया में थी तथा लागू उपयोग कारक (यूज़ फैक्टर) के अनुसार एमसीडी को संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रही थी।

इस संबंध में दिल्ली नगर निगम मुख्यालय द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए मांग पत्र जारी किया गया। इसके बाद करदाता ने प्रचलित सुनियो योजना का लाभ उठाते हुए शुक्रवार को संपत्ति कर बकाया के रूप में 11 करोड़ 69 लाख रुपए की राशि जमा कराई। सुनियो योजना के अंतर्गत करदाता वित्तीय वर्ष 2020-21 से पूर्व की अवधि के संपत्ति कर, ब्याज एवं जुर्माने पर पूर्ण छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वे चालू वित्तीय वर्ष तथा पिछले पाँच वित्तीय वर्षों (अर्थात वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25) के लिए मूल संपत्ति कर राशि बिना किसी ब्याज एवं जुर्माने के जमा करें। यह योजना 28 फरवरी, 2026 तक के लिए बढ़ा दी गई है।

### सुनियो योजना का लाभ उठाने की अपील

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम सभी संपत्ति स्वामियों से अपील करता है कि वे सुनियो योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए बिना किसी दंड अथवा अतिरिक्त भार के अपने संपत्ति कर बकाया का निपटान करें। निगम संपत्ति कर नियमों के कड़ाई से पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है तथा सभी करदाताओं से समयबद्ध और सही तरीके से अपने बकाया का भुगतान करने का आग्रह करता है।

### सूरज के तेवर कड़े, पारा 5.8 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** धीरे धीरे सूरज के कड़े तेवर होने लगे है जिसके चलते शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान बढ़कर 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान रहा 13.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं दिल्ली में सबसे अधिक तापमान रिज एरिया में 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि आगामी होली पर्व के दिन राजधानी में मौसम सुहावना बना रह सकता है। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हवाएं 15 किमी की गति से चलने की संभावना है। आईएमडी का कहना है कि अगले तीन चार दिन दिल्ली एनसीआर में ऐसे ही मौसम बना रहेगा। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में फरवरी का महीना इस बार सूखे मौसम के साथ खत्म हो रहा है। आखिरी बार 18 फरवरी की रात और 19 फरवरी की सुबह केवल 0.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। शनिवार का दिन भी मौसम शुष्क रहने वाला है, जिससे यह फरवरी सबसे कम बारिश वाले महीनों में शामिल हो जाएगी। कंपनी का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ी इलाकों से गुजर रहे हैं, लेकिन ये काफी कमजोर हैं और केवल अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक सीमित हैं।

### दिल्ली सरकार हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध

# रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में सीवर लाइन, ड्रेनेज व सड़क कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण और शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के हर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा के पीयू ब्लॉक में नई सीवर लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के निवासियों को वर्षों पुरानी सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी और स्वच्छ और सुचारु जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित होगी। साथ ही, क्यूयू ब्लॉक में सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर जलभराव की समस्या का समाधान होगा।

### निर्धारित समय पर सभी परियोजनाओं को पूरा करें अधिकारी : सीएम

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सीवर, सड़क, ड्रेनेज और शहरी बुनियादी ढांचे के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दे रही है, जिससे राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता, सुगमता और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित हो सके।

### विकास कार्यों से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था होगी बेहतर

मुख्यमंत्री ने आउटर रिंग रोड, पीतमपुरा पर एसयू-टीयू-एमयू, टीयू-एसयू-यूयू और एलयू-क्यूयू की सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा शहरी बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा।

## डीटीसी में स्थायी करने व अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय मजदूर संघ व दिल्ली परिवहन मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में अनुबंध पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्थायी करने व अन्य मांगों को लेकर मुख्यालय इंद्रप्रस्थ भवन डिपो पर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदर्शन की अध्यक्षता गूगन सिंह ने की। जबकि संगठन के महासचिव भानू भास्कर, महामंत्री दीपेंद्र चाहर, संगठन मंत्री कैलाश मलिक, विजेंद्र सिंह, विनोद मलिक, संजय पंडित, शेखर गहलोत सहित भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

इस बारे में महासचिव भानू भास्कर ने बताया कि संगठन ने दिल्ली सरकार व डीटीसी प्रबंधन से तीन प्रमुख मांगें रखी है। इनमें डीटीसी के बेड़े में सरकार नई 5 हजार अपनी बसें खरीद के जोड़े, करीब 22 हजार अनुबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द स्थाई किया जाए। जब तक स्थाई नहीं किया जा सकता तब तक बेसिक प्लस डीए आदि का भुगतान किया जाना चाहिए। महासचिव भानू ने कहा कि जबकि हमारी तीसरी मांग है कि 20 सेवानिवृत पेंशनधारियों को हर माह समय से पेंशन भुगतान का स्थाई समाधान किया जाए। संगठन मंत्री कैलाश मलिक ने कहा कि कहा कि प्रदर्शन में जुटे हजारों कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा है कि हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कर्मचारियों ने रोष जताया कि पिछली सरकारों ने डीटीसी में निजीकरण को लगातार तेजी से बढ़ावा दिया है, उस पर रोक लगाई जाए।

प्रदर्शन में संगठन नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार को एक साल पूरा हो चुका है लेकिन अभी तक डीटीसी की समस्याओं की तरफ कोई खास ध्यान नहीं दिया गया। चुनाव पूर्व अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने व डीटीसी की अपनी बसें खरीदने का वादा था वह आज तक अधूरा पड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी, हम सरकार को चैन से बैठने नहीं देंगे। बाद में संगठन की तरफ से ज्ञापन पत्र दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म के आरोपी को दस साल का कठोर कारावास



**गाजियाबाद।** युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने अभियुक्त को दस साल के कठोर कारावास व अर्थ दंड की सजा सुनाई है। थाना टीलामोड़ इलाके में अताबुल अंसारी डोमी निवासी शिवालिक एन्कलेव एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामला सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एस सी/ एस टी एक्ट) में चल रहा था। धारा 366 भादवि में 05 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है ।

## ठगी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने एपीके फाइल के माध्यम से ठगी करने के मामले में आरोपी तैयब अंसारी निवासी झगहेड़ी, झारखंड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि एनआईटी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह अपने मोबाइल नंबर को पोस्टपेड से प्रीपेड में पोर्ट कराने के लिए कस्टमर केयर से संपर्क करने का प्रयास कर रहा था। इसके लिए उसने गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर खोजकर कॉल किया।

## झगड़े के मामले में तीन आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** बीते 22-23 फरवरी की रात को थाना मुजेसर के अंतर्गत शिव कॉलोनी में हुए लडाई-झगड़ा के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने संदीप, राजेश व विष्णु निवासी शिवाजी नगर सेक्टर-22 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ईशांत निवासी सेक्टर 23 ने थाना मुजेसर में दी संदीप उर्फ भोला से मोटरसाइकिल से कहासुनी हो गई थी। संदीप उर्फ भोला अपने अन्य साथियों के साथ शिव कॉलोनी में आया तथा शिकायतकर्ता व उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। जिस संबंध में थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट महावीर मंदिर में होली मिलन समारोह

# महापौर प्रवीण जोशी ने कहा-होली का त्योहार भाईचारे का त्योहार है, जो हमारी भारतीय संस्कृति को दर्शाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट महावीर मंदिर प्राचीन हनुमान मंदिर महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से आए अतिथिगण जिसमें महापौर प्रवीण जोशी, वार्ड-31 की पार्षद शैफाली सिंगला, वार्ड-35 के पार्षद सचिन शर्मा व करण सिंगला का मंदिर के उपप्रधान सतपाल चौधरी, सचिव अनिल गुप्ता एडवोकेट, सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग उर्फ टोनी पहलवान, सेक्टर-19 आरडब्लूए के प्रधान सुनील कुमार, रमेश मेहता, रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन महावीर नगर के प्रधान चरण सिंह सैनी, सचिव योगेश, दीपक गुप्ता, टीटू मटके वाला, कृष्णदत्त शर्मा, किशन शर्मा, अनिल वर्मा, रमेश चौधरी, धीरज वधवा, सुनील कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, पिंटू सैनी, राजेश तनेजा, कमल नन्द्राजोग, विनोद कुमार, प्रेमवीर सिंह रावत, पवन अरोड़ा, पंडित धीरज शास्त्री व समस्त महिला मंडल गुरुद्वारा महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद द्वारा चंदन का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके उपरांत आरती हुई और गुजिया का प्रसाद वितरित किया गया। हिमांशु शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा गाए होली के गीतों पर भक्त खूब नाचे।

### एकता के साथ होली का त्योहार मनाना चाहिए

होली के दिन हम सभी को अपने गिले-शिकवे खत्म करके एकता के साथ इस त्यौहार को मनाना चाहिए। पार्षद शैफाली सिंगला व सचिन शर्मा ने कहा कि इस होली मिलन समारोह में आज इतनी बड़ी तादाद में 36 बिरादरी को लोगों ने एकत्रित होकर यह साबित कर दिया कि सभी मिलकर देश को एकता के सूत्र में बांध रहे है।

## डीसी सिंहा ने समाधान शिविर व पोर्टलों की प्रगति पर की विस्तृत समीक्षा

# शिकायत निस्तारण में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें अधिकारी: आयुष सिंहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल तथा जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आयुष सिंहा ने की।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर सभी पोर्टलों पर लंबित मामलों की स्थिति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा समाधान ऐसा हो जिससे शिकायतकर्ता को वास्तविक संतुष्टि प्राप्त हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि जिन मामलों का समाधान किया जा चुका है, उन्हें समय पर पोर्टल से अपडेट किया जाए, ताकि लंबित मामलों के आंकड़ों में पारदर्शिता बनी रहे।

### लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश




डीसी आयुष सिंहा ने यह भी निर्देश दिए कि एटीआर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर सहित अपलोड की जाए तथा पुलिस और नगर निगम को छोडक़र अन्य सभी विभाग एसडीएम स्तर से सत्यापन अवश्य कराएं। जिन मामलों में रीओपन को तकनीकी रूप से अनुचित माना जाता है, उनके संबंध में विस्तृत लिखित प्रतिवेदन उच्च स्तर पर भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पेंडेंसी और रीओपन मामलों में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

डीसी ने स्पष्ट किया कि अगली समीक्षा से पूर्व सभी विभाग अपनी अद्यतन कार्रवाई रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता पूरी कर या हस्ताक्षर कर शिकायत बंद करना स्वीकार्य नहीं होगा। यदि समाधान गुणवत्तापूर्ण नहीं पाया गया तो संबंधित मामला पुनः खोला जाएगा और विभागीय जवाबदेही तय की जाएगी।

## शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक

# डीपीजी कॉलेज में एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका संचालन सुनील मलिक तथा एनएसएस समिति के सदस्यों के द्वारा कुशलता किया गया।

आगामी 5 मार्च तक चलने वाले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना है। शिविर के पहले दिन का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संगीता तथा तरुण कुमार खटकड़ उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, प्रिन्सिपल डॉ. एसएस बोकेन, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया, सभी विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तान्या समीर सिंह ने प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## शत प्रतिशत कार्यवाही के लिए नगर आयुक्त ने सभी विभाग को दिए निर्देश

# जन समस्याओं के समाधान में गुणवत्ता पूर्ण परिणाम दें अधिकारी: नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जन समस्याओं के समाधान के लिए समस्त विभाग को गुणवत्ता पूर्ण कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में नगर आयुक्त द्वारा समस्त अपर नगर आयुक्त सहित समस्त विभाग के अधिकारियों, जोनल प्रभारी, व समस्त विभाग के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता, व टीम को कॉल पर प्राप्त होने संदर्भों पर गुणवत्ता पूर्ण कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली कॉल का डेटाबेस तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं प्राप्त समस्याओं का समाधान तद दिवस में ही करना सुनिश्चित करें निर्देशित किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से 311 पर प्रतिदिन 100 से 150 शिकायत प्राप्त होती हैं तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से भी 70 से 80 शिकायतें प्रतिदिन निस्तारित की जाती है, नगर निगम के सभी अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर भी शहर वासियों का संपर्क बना रहता है समस्याओं संदर्भों पर तद दिवस में ही निस्तारण की कार्यवाही करने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिए गए हैं अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव को समस्त विभाग के अधिकारियों को प्राप्त होने वाली कॉल रिकॉर्ड तथा संदर्भों की सारणी तैयार करने के लिए भी कहा गया है।

## पुलिस आयुक्त कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित

# फरीदाबाद पुलिस के चार पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शुक्रवार को फरीदाबाद पुलिस परिवार के 4 पुलिस कर्मियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-21 सी में एक सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नरेन्द्र कुमार, भलाई सहायक उपनिरीक्षक सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले विजय पाल, ओम कुमार, राम दत्त एवं मोहम्मद हनीफ की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मी अपना संपूर्ण सेवाकाल आमजन की सुरक्षा एवं सेवा में समर्पित करते हैं और विभागीय कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों द्वारा विभाग एवं समाज के लिए किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे।

## आनंद कौशिक ने 36 बिरादरियों के लिए काम किया

# पूर्व विधायक आनंद कौशिक के निधन पर देवेन्द्र चौधरी ने जताया शोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक के भाई फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के निधन पर शुक्रवार को उनके निवास स्थान पर पहुंचकर बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक व पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर, केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर के पुत्र नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर देवेंद्र चौधरी ने कौशिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर ने कहा कि आनंद कौशिक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 36 बिरादरियों के लिए काम किया।

## 15 से ज्यादा एफआईआर और दायर चार्जशीट के आधार

# ईडी ने की म्यूजिक कारोबारी इंद्रजीत यादव व उनकी पत्नी रीना की 90.04 करोड़ की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने धन शोधन के मामले में म्यूजिक कारोबारी इंद्रजीत सिंह यादव और उनकी पत्नी रीना कुमारी की 90.04 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अटैच किया है। दरअसल, ईडी ने हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा इंद्रजीत सिंह यादव और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 15 से ज़्यादा एफआईआर और दायर चार्जशीट के आधार पर जांच शुरू की थी। जिनमें मेसर्स जेम रिकॉर्ड्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक और मुख्य कंट्रोलर इंद्रजीत सिंह यादव पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वह हरियाणा पुलिस के कई मामलों में वॉन्टेड है और अभी फरार है और यूएई से काम कर रहा है। ईडी की जांच में यह भी पता चला कि इंद्रजीत सिंह यादव एक गुंडे और एनफोर्सर के तौर पर काम करता था। जिसने धमकियों, डराने-धमकाने और हथियारबंद साथियों/ स्थानीय हथियारबंद गैंग्स का इस्तेमाल किया। जिसमें विदेश से काम करने वाले ऑर्गेनाइज्ड क्राइम सिंडिकेट शामिल थे। सैकड़ों करोड़ रुपए के इन बड़े प्राइवेट लोन विवादों का ज़बरदस्ती सेटलमेंट करवाया।

इंदरजीत सिंह यादव का नाम डीघल के एक फाइनेंसर की हत्या में भी शामिल होने का आया है और कहा जाता है कि वह उस मामले में फरार है। अब तक की जांच में इंद्रजीत सिंह यादव के नाम पर करीब 110 करोड़ रुपए से ज़्यादा की कमाई का पता चला है, जिसका इस्तेमाल बाद में अचल संपत्तियां, लग्जरी गाड़िया खरीदने और शानदार लाइफस्टाइल बनाए रखने के लिए किया गया। जबकि आरोपी ने अपने टैक्स रिटर्न में बहुत कम इनकम दिखाई थी। कई मौके दिए जाने के बावजूद, इंद्रजीत सिंह यादव कथित तौर पर यूएई में रहकर जांच में शामिल नहीं हुआ है।

## ग्राम-शाहपुर निज मोरटा क्षेत्र में विकसित की जा रही 26बीघा भूमि पर अवैध कालोनी ध्वस्त



**गाजियाबाद।** जीडीए के प्रवर्तन दल ने आज ग्राम-शाहपुर निज मोरटा क्षेत्र में विकसित की जा रही 26बीघा भूमि पर अवैध कालोनी ध्वस्त कर दी। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के ने तृ त व में शिवांक शर्मा व जितेन्द्र दत्त शर्मा ग्राम-शाहपुर निज मोरटा, गाजियाबापद द्वारा खसरा सं0-629, 630, 631 व 632 पर लगभग 26000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में मिट्टी भराई व ईट चिनाई का कार्य किया जा रहा है। स्थल पर कोई स्वीकृत मानचित्र/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। बताए नाम के अनुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है। अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनाई गई सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में शोकसभा, सुरेंद्र शर्मा (बब्लू) को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सचिव सुरेंद्र शर्मा (बब्लू) के निधन पर जिला कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, हरेंद्र सिंह बाबा सहित अनेकों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद नफीस** पुत्र मोहम्मद यूसुफ, निवासी- मकान संख्या के-19/700/7, के-ब्लॉक संगम विहार, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 737/2016 धारा 498ए/406/34 भा.द.स, थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नफीस** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नफीस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नफीस, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 737/2016 धारा 498ए/406/34 भा.द.स, थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **सुबह 10:00 बजे** दिनांक **04.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**डॉ. नेहा सैनी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली

DP/2569/SE/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज, पुत्र अजीज, निवासी मकान संख्या बी-2/44, कैलाश विहार, किराड़ी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 175/2017 भा.द.सं. की धारा 457/380/ 411/34 के तहत, थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 175/2017 भा.द.सं. की धारा 457/380/ 411/34 के तहत, थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फिरोज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.04.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री विवेक बेनिवाल**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी उ./प.**
**कमरा नं.101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

DP/2559/RD/2026

## ज्ञापन सौंपकर वृद्धि को तत्काल कम करने की मांग की

# गृह कर में की गई अत्यधिक वृद्धि को कम करने की मांग को लेकर नगर आयुक्त से मिले रालोद नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद में गृह कर (हाउस टैक्स) में की गई अत्यधिक वृद्धि के विरोध में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक से मिला और ज्ञापन सौंपकर कर वृद्धि को तत्काल कम करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई गृह कर में भारी वृद्धि से शहर की आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जिससे व्यापक असंतोष व्याप्त है। नगर निगम द्वारा गृह कर में की गई वृद्धि अत्यधिक और जनविरोधी है। कर वृद्धि के कारण मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ा है। पूरे शहर में इस निर्णय के विरुद्ध व्यापक आक्रोश एवं विरोध देखने को मिल रहा है।

कुछ राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा इस विषय को न्यायालय में भी उठाया गया, किंतु तथ्यात्मक एवं कानूनी पक्ष मजबूत न रखे जाने के कारण माननीय न्यायालय द्वारा याचिका निरस्त कर दी गई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | हरियाणा मुख्यमंत्री आवास (कोठी नं. 1), सेक्टर-3, चण्डीगढ़ और 15 अन्य का एल/एस का ए/एम। | 03.03.2023 11.03.2026 | 145.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव मिथानपुरा में जीवीडी के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 26.02.2026 05.03.2026 | 25.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-1) : सिरसा कस्बा जिला सिरसा में बूस्टिंग स्टेशनों, अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण करके और आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाकर जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बा का संवर्धन। (अमरूत-2 के तहत) "मौजूदा प्रथम जलघर पर 4.50 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, कच्चा जल पम्पिंग स्टेशन और बूस्टिंग स्टेशनों समेत ब्रिक लाइंड एस/एस टैंक, बैलेंसिंग क्षमता रिजर्वेयर, इनलेट पाइप, स्वच्छ जल टैंक, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, डी.जी. सैट, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, गैस क्लोरीनेटर, राइजिंग मेन लाइंस, एफएचटीसी का निर्माण और वितरण पाइप लाइंस बिछाना इत्यादि, सभी प्रकार से पूर्ण 3 माह के ट्रायल रन की सफलतापूर्वक पूर्णता के पश्चात 12 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान और उसके पश्चात 5 वर्ष के लिए ओ एवं एम।" | 25.02.2026 12.03.2026 | 2562.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | खेदड़ : I) गांव खेदड़ में जलापूर्ति योजना के अपग्रेडेशन हेतु डीएनआईटी, 2.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी का निर्माण, 600 मिमी आई/डी आरसीसी एनपी2 आई/सी बिछाना, चारदिवारी की मरम्मत, 1 अदद आरसीसी सैंड्स टैंक 175×95×1.22 मी. का निर्माण, 3 अदद आरसीसी सीडब्ल्यूटी 16×10×1.22 मी. प्रत्येक का निर्माण, 335 मी. चारदिवारी का निर्माण, 120 मी. चारदिवारी का विखण्डन, पाइप लाइन बिछाना, क्षतिग्रस्त एच.एच. कनेक्शन की बहाली और नये जल कनेक्शन का प्रावधान II) सीवरेज सिस्टम का प्रावधान, 2.50 एमएलडी एसटीपी, एमपीएस का निर्माण, एसटीपी और एमपीएस पर 440 वर्गफुट स्टाफ क्वार्टर, 98×98×3.05 मी. का निर्माण, तालाब तक 350 मिमी आई/डी 20 मी. आरसीसी एनपी3 स्लज सम्प बिछाना, एचडीपीई पाइप 315 मिमी ओ/डी 1750 मी. बिछाना, सीवर लाइन 200 मिमी से 600 मिमी तक बिछाना, ब्रिक मेसनरी मैनहोल, 2 मकानों के कनेक्शन के लिए निरीक्षण चेम्बर समेत चारदिवारी, सी. कंक्रीट पथ और रोड का निर्माण, हाउसहोल्ड सीवरेज कनेक्शन और गली इत्यादि का पुनरोद्धार, पम्पिंग मशीनरी, विद्युत पैनल, पी/एम का स्पेशल्स, मैमो नं. 11296-11352 पीएचई/एचईडब्ल्यूपी दिनांक 10.02.2026 के तहत एचईडब्ल्यूपी द्वारा जारी पत्र के अनुरूप 6 वर्ष के लिए प्रचालन व रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.02.2026 24.03.2026 | 3031.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-246249 ee2hissar@gmail.com |
| 5 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | सेंट्रल स्टराइल सप्लाई डिपॉर्टमेंट (सीएसएसडी) में मशीनरी और उपकरण हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए ई-निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में (श्रेणी-सेवाएं)। | 28.02.2026 11.03.2026 | ईएमडी 84000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 6 | सिविल सर्जन सिरसा | जिला सिरसा स्वास्थ्य विभाग हरियाणा में औषधि/कंज्यूमेबल/छोटे उपकरण/लैब रिजेंट्स/डेंटल मदें/सर्जिकल एवं अन्य उपकरण के लिए ई-निविदा। | 03.03.2026 18.03.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992129681 cposirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/43417/I/88/7 दि. 27.02.26

# वृंदावन में बांके बिहारी जी को लगा रंग व गुलाल, होली पर चाट, जलेबी का भोग

**रंगभरी एकादशी पर वृंदावन में ठाकुर जी को रंग और गुलाल लगाया गया। मंदिर का आंगन अबीर-गुलाल से रंगा नजर आया। भक्तों ने सुबह-सुबह प्रसादी गुलाल बरसाया और ठाकुर जी के साथ होली की शुरुआत की।**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

वृंदावन में होली का उत्साह इन दिनों चरम पर है। बांके बिहारी जी के मंदिर में रंगभरी एकादशी पर ठाकुर जी को रंग और गुलाल लगाया गया। मंदिर का आंगन अबीर-गुलाल से रंगा नजर आया। भक्तों ने सुबह-सुबह प्रसादी गुलाल बरसाया और ठाकुर जी के साथ होली की शुरुआत की।

फूलों की पंखुड़ियां, जलेबी और लड्डू लुटाए गए। यह सब कुछ ब्रज की होली की खास परंपरा का हिस्सा है। आइए जानते हैं वृंदावन में बांके बिहारी जी की होली का पूरा नजारा और होली पर ठाकुर जी को क्या-क्या भोग लगेगा।



### मंदिर का पूरा प्रांगण गुलाल से सराबोर, भक्तों ने लगाए जयकारे

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी पर पुजारियों ने सुबह ठाकुर जी को रंग और अबीर लगाया। मंदिर का पूरा प्रांगण गुलाल से सराबोर हो गया। भक्तों ने प्रसादी गुलाल बरसाया और ठाकुर जी के जयकारे लगाए। फूलों की पंखुड़ियां और लड्डू-जलेबी लुटाई गई। भक्त अबीर से रंगे हुए ठाकुर जी के दर्शन कर खुशी से झूम उठे। गलियों में ढोल-नगाड़ों की थाप और 'राधे-राधे' के जयकारे गूंज रहे हैं। यह नजारा ब्रज की होली की भक्ति और उल्लास का जीता-जागता प्रमाण है।

### बांके बिहारी जी को लगने वाला विशेष भोग

होली के दौरान बांके बिहारी जी को विशेष भोग तैयार किया जाता है। आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी के अनुसार, ठाकुर जी को काबुली मेवा, कश्मीरी केसर, कन्नौजिया इत्र, कर्नाटकी चंदन और हाथरस से लाए प्राकृतिक अबीर-गुलाल का उपयोग किया जाता है। भोग में मुख्य रूप से चाट, जलेबी और पकवान शामिल होते हैं। चाट में दहीबड़ा, दही पकौड़ी, सोंठ बड़ा, सोंठ पकौड़ी, आटा-सूजी की टिकिया, पानी पूरी, समोसा, पकोड़े, गुजिया, पापड़ी, खाजा, ठोर और लठोर प्रमुख हैं। इसके अलावा काजू, बादाम, पिस्ता, अखरोट, पोस्त, खरबूजा के बीज, किसमिस, मुनक्का, गुलकंद और दूध-मलाई युक्त ठंडाई भी ठाकुर जी को अर्पित की जाती है।

### होली पर ठाकुर जी को लगने वाले व्यंजन और मिठाइयां

होली के भोग में ठाकुर जी को मैदा और आलू से बनी स्वादिष्ट जलेबियां, गुजिया और मलपुआ विशेष रूप से चढ़ाए जाएंगे। ये व्यंजन ब्रज की परंपरा के अनुसार तैयार किए जाते हैं। ठाकुर जी को मिठाई के साथ ठंडाई भी अर्पित की जाती है। यह भोग प्रेम और भक्ति का प्रतीक है।

### फाल्गुन पूर्णिमा तक चलता है यह उत्सव

ब्रज की होली उत्सव के दौरान रंगभरी एकादशी पर बांके बिहारी जी को रंग लगाया जाता है। इस दिन ठाकुर जी को विशेष श्रृंगार और भोग भी अर्पित करते है। भक्तों का मानना है कि रंगभरी एकादशी से होली का रस शुरू होता है और यह उत्सव फाल्गुन पूर्णिमा तक चलता है।

## खबर संक्षेप

### पार्टी सिंबल पर होंगे बिहार पंचायत चुनाव

**पटना।** बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव को पार्टियों के सिंबल पर कराने की मांग की गई है। यह मुद्दा शुक्रवार को विधानसभा सत्र में उठा। भाजपा के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने सरकार से मांग की है कि पंचायत चुनाव दलीय आधार पर कराए जाएं। इस पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि अगर सभी लोग चाहें तो इस पर विचार किया जा सकता है।



### शाइन सिटी घोटाले का आरोपी राशिद गिरफ्तार

**लखनऊ।** शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपी दुबई में पकड़ा गया। राशिद नसीम और उसकी कंपनियों के खिलाफ पुलिस करीब 554 एफआईआर दर्ज कर चुकी है। आरोप है कि निवेश के नाम पर लोगों से 800 से 1000 करोड़ रुपए की ठगी की गई। लुभावने रिटर्न का वादा कर लोगों से पैसा वसूला गया था। ईडी-ईओडब्ल्यू के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर दुबई पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



## पूर्णिया में उच्चस्तरीय बैठक कर अमित शाह दिल्ली रवाना

# सीमांचल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बनी रणनीति

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय बिहार दौरा शुक्रवार को खत्म हो गया। सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया में हाईलेवल बैठक करने के बाद शाह दोपहर बाद दिल्ली रवाना हो गए।**

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार के पूर्णिया में उच्चस्तरीय बैठक की। बताया जा रहा है कि इस दौरान सीमांचल क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने की रणनीति बनाई गई। साथ ही, सीमावर्ती जिलों में आंतरिक सुरक्षा और घुसपैठ जैसे मुद्दों की भी समीक्षा की गई। बैठक के बाद शाह का तीन दिवसीय बिहार दौरा खत्म हो गया। गृह मंत्री शुक्रवार दोपहर बाद पूर्णिया से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

पूर्णिया में यह बैठक करीब ढाई घंटे तक चली। इसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी, राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार के अलावा गृह विभाग, एसएसबी, नारकोटिक्स, आईबी समेत अन्य कई विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को तीन दिवसीय बिहार के सीमांचल दौरे पर पहुंचे थे। पहले दिन उन्होंने किशनगंज जिले में विभिन्न कार्यक्रम और बैठक में हिस्सा लिया। 26 फरवरी को शाह ने अररिया जिले में सशस्त्र सीमा बल की दो सीमा चौकियों का उद्घाटन किया और 175 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।




### सीमांचल में घुसपैठ पर बनी रणनीति

नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से सटे बिहार के सीमांचल में घुसपैठ पर भी अमित शाह के दौरे में अहम रणनीति बनाई गई। केंद्रीय गृह मंत्री ने गुरुवार को अररिया में ऐलान किया कि सीमांचल में घुसपैठ रोकने की योजना जल्द शुरू की जाएगी। सीमांचल क्षेत्र में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं। इसे भारत के लिए सुरक्षा की दृष्टि से अहम माने जाने वाले सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी चिकन नेक का प्रवेश द्वार कहा जाता है। किशनगंज जिले का कुछ हिस्सा भी चिकन नेक में आता है। वहीं, सीमांचल से बांग्लादेश की सीमा भी बहुत नजदीक है। ऐसे में यहां बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं द्वारा घुसपैठ के दावे लगातार किए जाते रहे हैं। सरकार का कहना है कि बीते कुछ सालों में हुए जनसांख्यिकी में बदलाव घुसपैठ की ओर इशारा करते हैं।

### 3 दिवसीय दौरे में अहम मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा

शाह के तीन दिवसीय दौरे में आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ और सीमा प्रबंधन जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ रोकने, डेमोग्राफिक बदलाव, अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए।

### बॉर्डर के पास हटेंगे अतिक्रमण

गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में नेपाल सीमा से सटे इलाकों में अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जरूरत पड़ने पर बुलडोजर ऐक्शन चलाया जाए। सीमा के 10 किलोमीटर अंदर तक किसी भी तरह का अतिक्रमण ना रहे।

## समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएम के निर्देश

# कोताही नहीं, इंफ्रास्ट्रक्चर, मूलभूत सुविधाओं को बनाएं और बेहतर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के लोगों को गुणवत्तापरख स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर किया जाए। मरीजों के तीमारदारों के लिए रैन बसेरा, चिकित्सा इकाईयों पर औषधियों एवं मानकानुसार उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाइक ने मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर मंडलों की समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा चिकित्सालयों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों के तीमारदारों के लिए रैन बसेरा एवं, चिकित्सा इकाईयों पर औषधियों एवं मानकानुसार उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

### सीटी स्कैन, डायलिसिस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में हेल्थ एटीएम की व्यवस्था व क्रियाशीलता, चिकित्सालयों में फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था तथा फायर ऑडिट कराना भी सुनिश्चित किया जाए। जनपदों में सीटी स्कैन एवं डायलिसिस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाए एवं उपलब्ध एम्बुलेंसों की क्रियाशीलता को लेकर भी अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किए। डिप्टी सीएम ने कहा कि समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की लगातार देखरेख की जाए एवं अस्पतालों में समस्त स्टाफ का यूनीफार्म में होना अनिवार्य है। आरोग्य मेलों के लगातार आयोजन एवं अन्य विभिन्न चिकित्सकीय मुद्दों पर डिप्टी सीएम ने अधीनस्थों को निर्देशित किया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष, निदेशक, एनएचएम पिंकी जोएल, महानिदेशक, स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक समेत कई अफसर मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### कनाडा के प्रधानमंत्री...

प्रोटोकॉल और विपणन मंत्री जय कुमार रावल ने उनका स्वागत किया है। भारत और कनाडा की साझेदारी साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, मजबूत जन संबंधों और विविध क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर आधारित है'।

**संबंधों में लौटती नई ताजगी** : यहां बता दें कि साल 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से बेपटरी हुए दोनों देशों के संबंधों में पीएम कार्नी की ये स्वदेश यात्रा एक बार फिर से माहौल के अच्छा होने का संकेत दे रही है। वर्तमान में दोनों देशों ने अपनी प्रमुख राजधानियों में अपने वरिष्ठ राजनयिकों (उच्चायुक्तों) की पुनः नियुक्ति कर दी गई है। आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के शीर्ष राजनीतिक और कूटनीतिक नेतृत्व पर संलिप्पता के बेबुनियाद और झूठे आरोप लगाए थे। जिसे शुरुआत में ही भारत द्वारा पूरी तरह से खारिज कर दिया था। लेकिन ये वो दौर था। जिसके बाद दोनों देशों के संबंध अपने सबसे बुरे दौर में जा पहुंचे थे।

**ये है पीएम कार्नी का ट्रैवल प्लान** : मंत्रालय ने कनाडाई प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान रहने वाले समूचे कार्यक्रम की जानकारी एक एडवाइजरी के जरिए विस्तार से दी है। जिसमें बताया कि 27 फरवरी को मुंबई पहुंचने के बाद वह दो दिनों तक (27 से 28 फरवरी तक) आर्थिक राजधानी में ही रहेंगे। शनिवार को मुंबई में ही एक व्यापार संबंधी कार्यक्रम में वह भाग लेंगे। इसके अगले दिन रविवार, 1 मार्च को पीएम कार्नी दिल्ली पहुंचेंगे। जिसके अगले दिन सोमवार (2 मार्च) को उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सुबह करीब 10.30 बजे हैदराबाद हाउस में एक बैठक होगी। इसके पूर्व में करीब 9 बजे विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर द लीला पैलेस होटल में कनाडा के पीएम के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के साथ बैठक के बाद 11 बजकर 40 मिनट पर हैदराबाद हाउस में ही दोनों नेताओं की मौजूदगी में कुछ महत्वपूर्ण एमओयू और समझौतों का आदान-प्रदान किया जाएगा। साथ ही दोनों शीर्ष नेता मीडिया के समक्ष अपना साझा प्रेस बयान भी देंगे। दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर भारत मंडपम में दोनों प्रधानमंत्रियों की मौजूदगी में इंडिया-कनाडा सीईओ फोरम का आयोजन किया जाएगा। जिसके साथ ही कनाडा के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा और वह शाम करीब 6 बजे अपने देश लौट जाएंगे।

**कनाडा के बयान का सार** : पीएम कार्नी के कार्यालय ने कहा, एक अनिश्चित दुनिया में कनाडा इस बात पर जोर दे रहा है कि हम क्या नियंत्रित कर सकते हैं? हम अपने व्यापार में विविधता ला रहे हैं और अपने कर्मियों और व्यापार के लिए बड़े पैमाने पर नए अवसरों का निर्माण करने के साथ ही निवेश ला रहे हैं। जिसमें हमारा उद्देश्य अपने घर पर ज्यादा निश्चितता, सुरक्षा और खुशहाली बनाने के लिए विदेशों में नई साझेदारी कर रहे हैं। कनाडा सरकार ने ये भी कहा कि भारत दुनिया की एक सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। जो वैश्विक वाणिज्य और प्रौद्योगिकी में शक्ति का एक प्रमुख केंद्र है। 2024 में कनाडा भारत का 7वां सबसे बड़ा वस्त्र और सेवा व्यापार से जुड़ा भागीदार देश था। इस दौरान हमारा द्विपक्षीय व्यापार 30.8 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा था। भारत के अलावा कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दो अन्य देशों की भी यात्रा करेंगे।

### पोखरण में वायुसेना...

**मिशन पर एक साथ उड़े दो हेलीकॉप्टर** : मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने एलसीएच पर अपनी उड़ान की शुरुआत वायुसेना के जैसलमेर एयरबेस से की। जिसमें मिशन को दो एलसीएच हेलीकॉप्टरों की उड़ान के साथ क्रियान्वित किया गया। पहले हेलीकॉप्टर में महामहिम राष्ट्रपति ने वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ उड़ान भरी। जबकि दूसरे हेलीकॉप्टर में खुद वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और बल के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप कैप्टन ए.महेंद्र सवार हुए। ये मिशन कुल करीब आधे घंटे (25 मिनट) में पूरा हुआ। जिसमें दोनों हेलीकॉप्टरों ने गड़ीसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भरी और लक्ष्य के रूप में जमीन पर मौजूद एक टैंक पर सटीक निशाना लगाकर उसे तहस नहस कर दिया।

**सुखोई और राफेल में भर चुकीं उड़ान** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व में वायुसेना के दो अन्य जंगी प्लेटफार्म पर उड़ान भरी है। जिसमें वर्ष 2023 में वायुसेना के अग्रिम पंक्ति के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और 2025 में राफेल लड़ाकू विमान में मुख्य रूप से शामिल है। उड़ान के समापन के बाद राष्ट्रपति ने आगंतुक पुस्तिका में अपने अनुभव को साझा करते हुए लिखा, 'भारत के स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरना मेरे लिए एक समृद्ध अनुभव रहा है। जिसने मुझे देश की रक्षा क्षमताओं पर नए सिरे से गर्व करने का अनुभव प्रदान किया है'। उन्होंने वायुसेना और जैसलमेर एयरबेस पर तैनात वायुसेना की समूची टीम को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

**ऑपरेशन सिंदूर का किया रि-क्रिएशन** : वायुसेना ने युद्धाभ्यास के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पिछले साल 7 से 10 मई 2025 तक किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के दृश्य को फिर से व्यापक रूप से दोहराया (रिक्रिएशन)। जिसमें बल के आसमान में सुरक्षा कवच के रूप में तैनात सैन्य सामग्री के साथ-साथ वास्तविक कार्रवाई का हिस्सा बने लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, रॉकेट सिस्टम, मिसाइलों की अहम भूमिका रही। कैसे वायुसेना ने चार दिनों के अंदर पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों के अहम ठिकानों, संचार लाइनों, तेल डिपो व अन्य सैन्य संपत्ति को स्वाहा किया, उसका सीन साफ-साफ युद्धाभ्यास में पुनजीर्वित कर दिखाया गया। सुखोई, राफेल, मिराज और जगुआर जैसे जैसे लड़ाकू विमानों ने तय किए गए दुश्मन के कृत्रिम लक्ष्यों को अपने अचूक वार से पलक झपकते ही मटियामेट कर दिया। जबकि सुदूर लक्ष्यों को तबाह करने में 400 एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाइटरिंग म्यूनिशन, अवाक्स, आकाश-स्पाइडर मिसाइल सिस्टम, चिनूक, अपाचे हेलीकॉप्टर, रॉकेट (एम-777 अल्ट्रा लाइट होवित्जर) जैसे बेहद विध्वंसक हथियारों ने अपनी भीषण मारक क्षमता दिखाई। युद्धाभ्यास में डमी गोला बारूद का इस्तेमाल किया गया। जिसका प्रभाव वास्तविक गोला बारूद के समान ही नजर आता है।

**गरुड़ कमांडो ने किया एयरफील्ड पर कब्जा** : युद्धाभ्यास में वायुसेना के विशेष बल यानी स्पेशल फोर्सेज गरुड़ के दस्ते ने भी भाग लिया। भीष्म कैप्सूल के जरिए इनकी लैंडिंग सीधे दुश्मन के एक कृत्रिम रनवे पर कब्जा करने के लिए हुई। जिसमें ये एकसाथ बल के विमान से एयर फील्ड पर कब्जे की कार्रवाई का शानदार अंदाज में प्रदर्शन करते हुए नजर आए। युद्धाभ्यास का उद्देश्य वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों को चाक-चौबंद बनाने के अलावा भविष्य में आने वाली किसी भी चुनौती का डटकर मुकाबला करने के लिए किया गया था। जिसमें केवल हथियारों की क्षमता का आकलन ही नहीं किया गया। बल्कि बल ने अपने युद्धकौशल के लगभग हर पहलू (रणनीतिक, प्रशासनिक, आपातकालीन और मानवीय सहायता व बचाव अभियान) से जुड़ी हुई अपनी क्षमता को मजबूत बनाया।

### दुश्मन की पनडुब्बियों...

खाड़ी का इलाका आता है। जबकि इसकी रणनीतिक और प्रशासनिक कमांड तमिलनाडु और पुडुचेरी नौसैन्य इलाके के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग (एफओसी) के पास रहेगी। नौसेना ने 27 फरवरी को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। ज्ञात हो कि चीन ने पाकिस्तान को 8 पनडुब्बियां देने का एक करार किया है। जिसमें से पहली पनडुब्बी इसी साल सौंपी जा सकती है। जिसे देखते हुए भारतीय नौसेना की क्षमता को मजबूत बनाने में ये पोत अहम भूमिका निभाएगा। समारोह में पूर्वी नौसैन्य कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय भल्ला, जीआरएसई, एल एंड टी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**गोवा मुक्ति संग्राम की ताजा हुई यादें** : दरअसल पोत का अंजदीप नाम दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक के कारवार तट के पास स्थित अंजदीप नामक एक द्वीप के नाम पर रखा गया है। लेकिन इसके पीछे भारत का समृद्ध नौसैन्य इतिहास छिपा हुआ है। ये वही द्वीप है, जिस पर पुर्तगाली शासन को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म करने के लिए नौसेना ने 1 दिसंबर 1961 को ऑपरेशन चटनी नामक एक बेहद महत्वपूर्ण अभियान चलाया था। जो 18 दिसंबर 1961 को अंततः गोवा की आजादी के रूप में सफलता के साथ संपन्न हुआ और वह देश का हिस्सा बना।

**पोत पर सब-लेफ्टिनेंट तैनात हुए त्रिपाठी** : पूर्व में इस श्रेणी के पोतों को पेटया श्रेणी के कॉर्वेट के नाम से जाना जाता था। जिन्होंने देश की समुद्री सीमाओं की तीन दशक तक 1972 से 2003 तक सेवा दी। खुद नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी भी इसी श्रेणी के एक पोत पर वर्ष 1986 से 87 तक सब-लेफ्टिनेंट के रूप में तैनात रह चुके हैं। अंजदीप का काम समुद्र के पानी के अंदर या तट के करीब छिपी हुई दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना उन्हें तुरंत नष्ट करना है। यह अत्याधुनिक अभय सोनार से लेकर पनडुब्बी रोधी रॉकेट और एकीकृत उन्नत युद्धक प्रबंधन सिस्टम से लैस है। जिसका काम समुद्री सतह, उसकी गहराई या तट के करीब मौजूद खतरों को पहचान कर उन्हें नेस्तनाबूद करना है। अंजदीप से पहले नौसेना को अर्नला और अंद्रोथ नामक दो पोत मिले थे।

**2026 में मिलेंगे 15 युद्धपोत** : नौसेनाप्रमुख ने समारोह को संबोधित करते हुए अंजदीप की विशेषताएं बताई और अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी साझा किया। साथ ही उन्होंने जटिल सुरक्षा परिदृश्य के दौर में 2047 तक एक पूर्ण आत्मनिर्भर नौसेना बनने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का भी जिक्र किया। जिसमें बताया, बीते साल 2025 में नौसेना में 12 युद्धपोत और 1 पनडुब्बी शामिल की गई थी। इसी गति को बनाए रखते हुए 2026 में नौसेना की योजना है कि कुल 15 युद्धपोतों को बल के जंगी बेड़े में तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी योजना 2035 तक 200 से अधिक जहाजों का समावेश करने की है। जिसके लिए अभी फिलहाल हमने देश के विभिन्न शिपयार्डों में 50 जहाजों के निर्माण का ऑर्डर दिया हुआ है।

**लाल सागर, होर्मुज खाड़ी संकट को समझाया** : उन्होंने पश्चिम-एशिया तनाव के संदर्भ में कहा, लाल सागर की चुनौती ने हमें बताया कि समुद्र में केवल एक जगह या बिंदु पर आने वाली बाधा का प्रभाव किस तरह से सुदूर महाद्वीपों तक पड़ता है। तनाव के वक्त एशिया-यूरोप के मुख्य समुद्री मार्गों पर माल ढुलाई की कीमतों में कुछ मामलों में 300 से 350 फीसदी की अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली। जिससे सप्लाई चेन प्रभावित हुई और सीधे-सीधे खाद्य व ईंधन की कीमत बढ़ गई। वर्तमान में होर्मुज की खाड़ी में जारी तनाव भी चिंता का विषय है। क्योंकि ये इलाका वैश्विक ऊर्जा गलियारे के रूप में जाना जाता है। उदाहरण के लिए समझें तो पिछले सप्ताह एक लाइव-फायर अभ्यास के लिए बंद की गई खाड़ी के दौरान क्रूड ऑयल की कीमतों में 4.4 फीसदी की उछाल देखने को मिला था।

## शिक्षक सुसाइड केस में योगी सरकार का बड़ा ऐक्शन

# बेसिक शिक्षा अधिकारी निलंबित पूर्व प्रधानाचार्य को किया गिरफ्तार

**प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सुसाइट नोट और वीडियो भी जारी किया था**

एजेंसी ▶▶ देवरिया

यहां के गौरीबाजार विकास खंड के कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय मदरसन के सहायक अध्यापक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या के मामले में योगी सरकार ने शुक्रवार को बड़ा ऐक्शन लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शालिनी श्रीवास्तव को सस्पेंड कर दिया। इसके पहले इस मामले में कृष्ण मोहन सिंह के स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य अनिरुद्ध को गोरखपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में भ्रष्टाचार की धारा बढ़ा दी गई है। शिक्षक सुसाइड केस में देवरिया की बीएसए शालिनी श्रीवास्तव पर शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। गुरुवार को पुलिस की एक टीम देवरिया पहुंची थी। वहां बीएसए के आवास पर टीम ने दबिश दी, लेकिन वहां ताला बंद मिला।



शुक्रवार दोपहर बीएसए को शासन स्तर से सस्पेंड किए जाने की खबर आ गई। देवरिया के डायट प्राचार्य अनिल कुमार को बीएसए का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। अब प्रकरण के जांच अधिकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक बनाए गए हैं। जनपदीय जांच समिति की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बीएसए के निलंबन की संस्तुति शासन को भेजी थी। कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के हरैया बुजुर्ग के रहने वाले कृष्ण मोहन सिंह देवरिया के गौरीबाजार विकास खंड स्थित कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय, मदरसन में सहायक अध्यापक थे। वह गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज में अपने भाई के यहां रहते थे। 20 फरवरी की रात उन्होंने फंदा लगा कर जान दे दी थी। उन्होंने बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, लिपिक संजीव सिंह समेत अन्य लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सुसाइट नोट और वीडियो भी जारी किया था।

## 2027 तक मिली जिम्मेदारी

# सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी का सेवा विस्तार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। अब वह 28 फरवरी 2027 तक अपने पद पर बने रहेंगे। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे करीबी अधिकारी माना जाता है। आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी योगी सरकार में अपर मुख्य सचिव के पद पर भी रह चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद मुख्यमंत्री योगी के प्रशासनिक सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी कार्यकाल में अवनीश अवस्थी ने गृह सचिव, सूचना विभाग के प्रमुख और यूपी एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के सीईओ जैसे अहम पद संभाले. उनके कार्यकाल में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ तो वहीं गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की शुरुआत भी हुई. कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिस के आधुनिकीकरण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## रांची नगर निगम के 12 वार्डों के चुनाव नतीजे

**नगर परिषद, नगर पंचायतों के प्रत्याशियों की जीत का ऐलान**

# 48 निकायों में आधे सीटों पर नतीजे घोषित, हजारीबाग के मेयर बने राणा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड निकाय चुनावों के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। कई नगर निगम और नगर परिषद के साथ नगर पंचायतों के वार्ड में प्रत्याशियों की जीत का ऐलान भी हो चुका है। इसमें हजारीबाग, रांची, धनबाद समेत कई निगमों के वार्डों के नतीजों का ऐलान किया जा चुका है। गोड्डा और पाकुड़ नगर परिषद के रिजल्ट आ गए हैं। गोड्डा से गोड्डा नगर परिषद से अध्यक्ष प्रत्याशी सुशील रमानी 433 वोट से जीत दर्ज की है। पाकुड़ में नगर परिषद से शबरी पाल ने भी जीत दर्ज कर ली है। लातेहार नगर परिषद में महेश सिंह ने जीत दर्ज की है। इसके अलावा खूंटी में भी परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। खूंटी से रानी टुटी ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। बासुकीनाथ में वीणा देवी ने जीत दर्ज की है। हुसैनाबाद से उषा देवी ने जीत दर्ज की है। हरिहर गंज से शीला चौधरी ने जीत दर्ज की है। बुंडू नगर पंचायत से जितेंद्र उरांव ने जीत दर्ज की है। महागामा से प्रबोध सोरेन ने जीत दर्ज की है। डोमचांच में उमेश वर्मा ने जीत दर्ज की है।



**रांची में वार्ड संख्या 7, 38, 39, 45 और 51 के आए नतीजे:** रांची नगर निगम में वार्ड संख्या 7 से मीनू देवी ने जीत दर्ज कर ली है। इसके अलावा वार्ड संख्या 39 से शीला देवी ने जीत दर्ज की। वहीं वार्ड संख्या 51 से सबिता लिंडा जीतीं। वार्ड संख्या 38 से अवधेश ठाकुर जीते।

### नंगे पैर ही निगम चुनाव जीतीं सोनी छेत्री

हजारीबाग नगर निगम चुनाव में वार्ड संख्या 27 से सोनी छेत्री ने जीत दर्ज की है। वे चुनाव के दिन से अबतक बिना चप्पल पहने ही डटी हुई थीं। यही नहीं रिजल्ट वाले दिन भी वे बिना चप्पल ही थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने एक वादा किया था जिसे उन्होंने इस दौरान निभाया भी। उन्होंने वादा किया था कि वे नतीजे आने तक चप्पल नहीं पहनेंगी। और वह भी जीतेंगी नहीं तब तक। सोनी चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी हैं और उनके इस अनोखे प्रण की भी चर्चा हो रही है।





# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?



लाइफ Style

# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

हॉलीवुड मसाला




## वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।



## रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



## अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



## वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

टीवी मसाला



## कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ



वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।

# भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार



है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।

# जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका



देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।

## रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** *: मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** *: सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

## सिंहस्थ महाकुंभ-2028 में सभी साधु-संतों को किया आमंत्रित

# स्व से सृष्टि तक मंगल ही हमारा संकल्प, सेवा ही हमारा परम धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा में हरिशेवा उदासीन आश्रम के स्थानापति परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज की मौजूदगी में हुए सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में शामिल हुए। राजा भलराज भील की नगरी भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री ने स्वामी हंसरामजी महाराज से भेंटकर उनका सानिध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगल महोत्सव एवं संत समागम में देश-विदेश से आए विद्वतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके मंगल की कामना करने वाली महान और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं।

हमारी संस्कृति का सूत्र वाक्य ही 'वसुधैव कुटुंबकम' है। हमारा यही जीवन मूल्य हमें स्व के साथ पूरी सृष्टि के कल्याण की प्रेरणा देता है। सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन हमारी सर्व कल्याणकारी भावना की ही जीवंत अभिव्यक्ति है। खुद के लिए तो सब जीते हैं, संसार के सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों-वनस्पतियों के कल्याण के जीवोमूल लक्ष्य के लिए जीना ही हम सबका परम सेवाधर्म होना चाहिए।

### *जो सबके मंगल की कामना करे, ऐसी महान है हमारी भारतीय संस्कृति*

मुख्यमंत्री भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में हुए शामिल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सम्मान करते साधु-संत।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही सरकार: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों, करुणा, सद्भाव और समरसता के प्रसार में संतजनों की भूमिका निरापद रूप से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पूज्य हंसरामजी महाराज धर्म के सभी मूल्यों, भक्ति, सेवा, सत्य, अहिंसा को जीवंत रख रहे हैं। आश्रम के माध्यम से आपने हजारों असहायों को सहारा दिया। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के पुनीत उद्देश्य से हो रहे इस मंगल आयोजन में आकर वे बेहद गौरवान्वित हैं। हमारी सरकारें जीवन मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही हैं।

### उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ कुंभ के माध्यम से उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा है। सनातन संस्कृति में हमारे बच्चे परिवार को अमरता प्रदान करते हैं। यत्र पिंडे-तत्र ब्रह्मांडे, जैसा हमारे पिंड में है वैसा ही ब्रह्मांड में है। संतों के माध्यम से करोड़ों साल से ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती रही है। साधु-संतों के जरिए हमें देवताओं के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बृहस्पति ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करते हैं, तब सिंहस्थ होता है। उज्जैन में वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का भव्य आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री ने सभी साधु-महात्माओं और संत-वृंदों को सिंहस्थ में आकर सबको आशीष रूपी अमृत देने के लिए आमंत्रित भी किया।

### आज 171.19 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की देंगे सौगात

## मुख्यमंत्री उदयगढ़ भगोरिया उत्सव में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें शहादत दिवस पर आलीराजपुर के चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में शुक्रवार 27 फरवरी को आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मण्डी प्रांगण, चन्द्रशेखर आजाद नगर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 79.92 करोड़ रुपए लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपए लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जिले में विकास परियोजनाओं से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उदयगढ़ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री उत्सव स्थल पर पहुंचकर जनजातीय के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। उदयगढ़ का भगोरिया अपने रंग, उमंग और परंपराओं के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने डॉ. विशाल बघेल

**भोपाल।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ मप्र का डॉ. विशाल सिंह बघेल को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। डॉ. बघेल यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर डॉ. जेपी पालीवाल व डॉ. जीशान अहमद सहित वरिष्ठ चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. बघेल ने कहा कि यह दायित्व सेवा और उत्तरदायित्व का अवसर है। मैं सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने पत्रकार नवीन शर्मा के निधन पर किया दुख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकार प्रवीण शर्मा के बड़े भाई पत्रकार नवीन शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन शर्मा ने विभिन्न समाचार पत्रों के लिए दीर्घ अवधि तक कार्य किया। उन्होंने अपने पिता वरिष्ठ पत्रकार स्व. हंसराज शर्मा के मार्गदर्शन में भी कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### विधानसभा में सेंधवा-इंदौर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल, सरकार ने दिया जवाब

# मप्र में एनएचएम के 15 हजार से अधिक पद खाली, 43 हजार नई भर्ती का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनएचएम तहत मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 में 15 हजार से अधिक पद रिक्त होने का मामला सदन में उठा। सरकार ने स्वीकार किया कि नियमित भर्ती में देरी और प्रक्रियागत कारणों से बड़ी संख्या में पद खाली हैं। स्थिति को संभालने के लिए गैप फिलिंग व्यवस्था अपनाई जा रही है और संविदा पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

सरकार ने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2026-27 के लिए 43 हजार पदों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद यह तय किया जाएगा कि किन-किन श्रेणियों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा नियुक्ति के 146 पद भी वर्तमान में रिक्त बताए गए हैं।

हालांकि सरकार ने मरीजों के विस्तृत डेटा को साझा करने से इंकार करते हुए कहा कि संबंधित जानकारी विभागीय प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराई जाती है। कांग्रेस विधायक मोंटू सोलंकी ने सेंधवा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि लंबे समय से पड़ी सोनोग्राफी मशीन का नियमित उपयोग क्यों नहीं हो पा रहा है।

जवाब में सरकार ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली है। फिलहाल दो प्रशिक्षित डॉक्टरों के माध्यम से सप्ताह में दो-दो दिन गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ का पद स्वीकृत ही नहीं है। जिले में चिकित्सकों के 23 स्वीकृत पदों में से 16 पद खाली हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है।




### इंदौर जिले में डॉक्टरों की संख्या पर सवाल

इंदौर जिले में भी डॉक्टरों की कमी को लेकर प्रश्न पूछा गया। सरकार ने जवाब में बताया कि जिले में 9 शासकीय अस्पताल, 41 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 124 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। इन संस्थानों में कुल 78 डॉक्टर कार्यरत हैं। सरकार ने कहा कि क्षेत्रीय संचालक और सीएमएचओ स्तर पर कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा सकता है, ताकि आवश्यकता वाले क्षेत्रों में तैनाती की जा सके। हालांकि विपक्ष का तर्क है कि इतनी बड़ी आबादी वाले जिले के लिए यह संख्या अपर्याप्त है।

### आयुष्मान योजना से जुड़े 26 अस्पताल जांच के घेरे में, शिकायतें प्राप्त हुई

सदन में यह भी खुलासा हुआ कि आयुष्मान भारत योजना से जुड़े 26 अस्पतालों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सरकार ने बताया कि इन मामलों की जांच जारी है। कई अस्पतालों को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है और अनियमित भुगतान की रिकवरी के आदेश भी जारी किए गए हैं। सरकार का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं विपक्ष का आरोप है कि खाली पदों, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और उपकरणों के अनुपयोगी पड़े रहने से आम जनता को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### सरकारी स्कूलों की मरम्मत में गड़बड़ी पर सदन में हंगामा, मंत्री का जवाब: पूरे प्रदेश में होगी जांच

मध्य प्रदेश विधानसभा में सरकारी स्कूलों के रखरखाव और मरम्मत कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से आरोप लगाया कि स्कूलों की मरम्मत के नाम पर प्रदेश भर में करोड़ों रुपये का घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में भवन जर्जर हालत में हैं, लेकिन कागजों में मरम्मत कार्य पूर्ण दिखाए जा रहे हैं। लखन घनघोरिया ने मांग की कि लोक शिक्षण संचालनालय से पिछले तीन वर्षों में कराए गए सभी मरम्मत कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उनका कहना था कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। मैहर से विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि एक ब्लॉक में चार करोड़ का घोटाला हुआ, उसमें से 17 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह तो सिर्फ एक ब्लॉक की स्थिति है पूरे प्रदेश में कितना बड़ा घोटाला होगा। विधायक ने मैहर में सामने आए कथित घोटाले का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां स्कूल मरम्मत कार्यों में गंभीर गड़बड़ी उजागर हुई है और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

#### अधिकारियों, ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

विधायक ने कहा कि मैहर की घटना साबित करती है कि समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेशव्यापी स्तर पर जांच की आवश्यकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जवाब देते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने स्वीकार किया कि मैहर मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रदेश में मरम्मत कार्यों की जांच कराई जाएगी। मंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बहस के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष और प्रभावी होनी चाहिए। जो अधिकारी जांच को प्रभावित कर सकते हैं, उन्हें हटाकर स्वतंत्र रूप से जांच कराई जाए।



### परामर्शदात्री समिति की बैठक में बोली मंत्री निर्मला

## मप्र में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचना सरकार का दायित्व ही नहीं, संकल्प है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभाग के तहत संचालित योजनाओं, विशेष रूप से जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मिशन की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण, संचालन-संधारण व्यवस्था तथा ग्रीष्मकालीन तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने समिति के सदस्यों को विभागीय प्रगति की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन परिणामोन्मुख और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 111.34 लाख ग्रामीण परिवारों में से 82.19 लाख परिवारों, अर्थात 73.84 प्रतिशत घरों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इन परिवारों को प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है।



#### *ग्राम नल जल योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश*

*बैठक में एकल एवं समूह ग्राम नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए समिति ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को मिशन मोड में संचालित करते हुए समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी, फील्ड स्तर पर निरीक्षण तथा तकनीकी मानकों के पालन को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। राज्य मंत्रिमंडल की ओर से संचालन एवं संधारण नीति का अनुमोदन किया जा चुका है। इस नीति के तहत एकल नल जल योजनाओं का संचालन, संधारण एवं प्रबंधन पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा।*

#### विधायकों ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

समिति सदस्यों ने विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सदस्यों ने सुझाव दिया कि प्रत्येक तीन माह में अलग-अलग संभागों में बैठक आयोजित की जाए, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं की प्रगति की प्रत्यक्ष समीक्षा की जा सके। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए हैंडपंपों के रखरखाव एवं संधारण संबंधी निविदाएं समय पर आमंत्रित करने पर बल दिया गया, जिससे संभावित जल संकट की स्थिति से पूर्व तैयारी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, नल जल योजनाओं के तहत किए गए कार्यों के बाद रोड रेस्टोरेशन के लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने की आवश्यकता रेखांकित की गई। बैठक में समिति की सदस्य विधायक नीना विक्रम वर्मा, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक दिनेश भूरिया, विधायक राजेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

### एसीबी-ईओडब्ल्यू की कार्रवाई

## करोड़ों रुपए के गबन मामले में महिला कैशियर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बिलासपुर जिले में एक राष्ट्रीयकृत बैंक की निलंबित महिला अधिकारी को दो करोड़ रुपये से अधिक का गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है।

महिला भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बिल्हा शाखा में कैशियर के रूप में पदस्थ थी। महिला कैशियर तेजवथ थीरापतम्मा ने 2,06,37,600 रुपये का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला कैशियर की गिरफ्तारी की जानकारी गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने दी।

#### *शाखा प्रबंधन की की थी मामले की शिकायत*

*अधिकारियों ने बताया कि एसबीआई के बिल्हा शाखा के प्रबंधक ने शिकायत की थी कि 19 दिसंबर 2024 से दो जनवरी 2025 के बीच बैंक कैशियर और अन्य कर्मचारियों ने बैंक के रिकॉर्ड और खातों में छेड़छाड़ कर 2,06,37,600 रुपये का गबन किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने बैंक की तत्कालीन कैशियर तेजवथ थीरापतम्मा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि स्टेट बैंक द्वारा विभागीय स्तर पर की गई जांच में भी थीरापतम्मा और अन्य के खिलाफ आर्थिक अनियमितता के सबूत मिले थे। इसके बाद थीरापतम्मा को निलंबित कर दिया गया था। इस दौरान उसे रिजनल बिजनेस ऑफिस जगदलपुर में अटैच कर दिया गया।*

#### जून 2025 के बाद से थी गायब

जून 2025 में निलंबन के बाद कैशियर ने जगदलपुर में जॉइन नहीं किया और वह बिल्हा ऑफिस भी नहीं आई। इसके बाद से वह ऑफिस से गायब थीं। अधिकारियों ने बताया कि एसीबी बिलासपुर की टीम पिछले कुछ दिनों से थीरापतम्मा की तलाश कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि थीरापतम्मा के बृहस्पतिवार को बिल्हा स्थित स्टेट बैंक में गोपनीय रूप से आने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने के बाद उसे एसीबी बिलासपुर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोबाइल को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि थीरापतम्मा को हिरासत में लेने के लिए उसे विशेष न्यायालय, बिलासपुर में पेश किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

### हरियाणा के सीएम का विपक्ष को जवाब, प्रदेश में बेरोजगारी उत्तर भारत में सबसे कम

## 1.22 लाख को मिली सरकारी नौकरी सदन में चर्चा करने से भाग रहा विपक्ष : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ने का आरोप लगाया है। हैरानी की बात है कि जब एचपीएससी और एचएसएससी पर चर्चा हुई, तो सदन से वॉकआउट कर गए। इन्होंने यह तो बताया कि बेरोजगारी बढ़ गई है, लेकिन इस बार इन्होंने आंकड़ा नहीं दिया। हर बार एक प्राइवेट एजेंसी हायर करके बेरोजगारी के आंकड़ों की रिपोर्ट बनवाते थे, और उसे छपवाते थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 1 लाख 80 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया है, जबकि कांग्रेस ने 10 साल के दौरान मात्र 86 हजार युवाओं को नौकरी दी थी।



#### प्राइवेट रिपोर्ट को सच और आरबीआई को झूठा बता रहे

उन्होंने कहा कि विपक्ष आरबीआई की रिपोर्ट को भी झूठी बताते हैं, और अपनी प्राइवेट रिपोर्ट को सच बताते हैं। जम्मू और हिमाचल में 5 प्रतिशत, दिल्ली में 6 प्रतिशत, पंजाब में 5.4 प्रतिशत और राजस्थान में 3.6 प्रतिशत बेरोजगारी दर है।

#### कांग्रेस राज में प्रदेश पर ज्यादा था कर्ज

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने का आरोप लगाया है, जबकि हमारी सरकार का इरादा और दिशा एकदम साफ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में वर्ष 2004-05 से 2014-15 तक दस साल की अवधि के दौरान, कर्ज देनदारियों में 458.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। जबकि, हमारे 10 साल के शासनकाल में 2014-15 से 2024-25 के बीच, कर्ज देनदारी में 227.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जोकि इनकी सरकार की तुलना में आधी से भी कम है।

### धान के अंतर की 10 हजार से अधिक की राशि किसानों के खातों में होगी अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने होली से पहले किसानों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घोषणा की है कि धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। राज्य स्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम 28 फरवरी को बिलासपुर जिले में आयोजित होगा। रायपुर स्थित निवास कार्यालय में प्रदेशभर से आए किसानों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस निर्णय पर आभार जताया। इस दौरान किसानों ने धान से तौलकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों की समृद्धि से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। होली से पहले प्रदान की जाएगी राशि उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सबसे अधिक दरों में शामिल है। इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

### राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रमुख क्षेत्र है पर्यटन

## पर्यटन स्थलों पर पुलिस की भागीदारी व प्रशासनिक समन्वय महिला पर्यटकों की सुरक्षा को करेगी सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव गृह और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि जिलों में लगातार पुलिस की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है। जब महिलाएं सुरक्षित होती हैं, तब सब सुरक्षित होते हैं।

महिला पर्यटक सहित हर महिला और बच्चे का विश्वास, जमीनी स्तर तक सुरक्षित रहना चाहिए। अपर मुख्य सचिव शुक्ला एमपीटी होटल पलाश में मप्र पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी), पुलिस विभाग और यूएन वूमेन के समन्वय से आयोजित पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की भूमिका और रणनीति विषय पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग, पुलिस विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर पर्यटन स्थल पर सुरक्षा तंत्र प्रभावी रूप से कार्य करे। निर्भया फ्रेमवर्क जैसी पहल और कैमरा निगरानी प्रणाली में 19 करोड़ रुपए के निवेश से मध्यप्रदेश को महिला सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।




#### *पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक*

*सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक है। कार्यशाला में विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) पीएचक्यू भोपाल अनिल कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) संतोष गौर, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) किरणलता केरकेट्टा, पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) सुश्री बीना सिंह और सुश्री स्वाति मुराव आदि अधिकारी मौजूद रहे।*

### जल संसाधन कर्मचारियों का अल्टीमेटम

## पांच दिन में सालों से जमे कर्मियों को नहीं हटाया तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के नेतृत्व में प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में 20-20 सालों से पदस्थ कर्मचारियों को हटाने की मांग की लेकर गुरूवार को कर्मचारियों ने नर्मदा भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर नारेबाजी करने वाले कर्मचारियों ने पांच दिन का अल्टीमेटम देकर चेतावनी दी है कि जल्द ही सालों से एक ही विभाग में जमे कर्मचारियों को अन्य विभाग में पदस्थ नहीं किया गया तो पांच मार्च से आंदोलन किया जाएगा।



शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय और प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में 20 वर्षों से स्थापना कक्ष में एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों को नियमानुसार तत्काल प्रभाव से अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है।

## चिंतन

# हाई-प्रोफाइल मामलों में सीबीआई जांच पर सवाल

हाई-प्रोफाइल मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका हमेशा से जनचर्चा और राजनीतिक बहस का केंद्र रही है। जब जांच किसी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों के खिलाफ हो, तब जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में हर कदम कानून की कसौटी पर परखा जाता है और जरा सी चूक एजेंसी की साख पर गहरा असर डाल सकती है। हालिया फैसलों ने एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किया जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने यह कहते हुए आरोप तय करने से इनकार कर दिया कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। अदालत की टिप्पणी कि साजिश का सिद्धांत अनुमान पर आधारित था, जांच एजेंसी की तैयारी और तथ्यों के संकलन पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है, किंतु निचली अदालत में मिली इस असफलता ने उसकी पेशेवर विश्वसनीयता को चुनौती दी है। इसी तरह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का मामला नहीं बनता और आगे की कार्रवाई अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी। यह टिप्पणी न केवल मामले की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है, बल्कि जांच एजेंसी की विवेचना पद्धति पर भी सवाल खड़े करती है। इन दोनों मामलों की पृष्ठभूमि और राजनीतिक संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन एक समान तत्व उभरकर सामने आता है हाई-प्रोफाइल मामलों में जांच की गुणवत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह। जब किसी मामले में 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाती है और अदालत आरोप तय करने से ही इनकार कर देती है तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं मानी जा सकती। यह संकेत है कि या तो सबूतों का पर्याप्त परीक्षण नहीं हुआ या फिर जांच की दिशा ही कमजोर आधार पर खड़ी थी। किसी भी मुख्यमंत्री चाहे वह सत्तारूढ़ दल से हो या विपक्ष से, गिरफ्तारी अत्यंत गंभीर कदम है। यह कदम तभी उठाया जाना चाहिए, जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता और अदालत में टिक सकने वाले प्रमाण हों। अन्यथा, गिरफ्तारी स्वयं में राजनीतिक विवाद का कारण बन जाती है और एजेंसी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों में विफलता का एक और आयाम है राजनीतिक ध्रुवीकरण। जब अदालतें आरोपों को खारिज करती हैं, तो विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल जाता है कि जांच राजनीतिक प्रेरणा से की गई थी। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पक्ष एजेंसी की कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम बताता है। इस खींचतान में सबसे अधिक क्षति न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसी की साख को होती है। सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के साथ काम करे। जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक पद्धति और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय जैसे पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

## विवादित पाठ
प्रमोद भार्गव



# न्यायपालिका के साथ विधायिका व कार्यपालिका भी जवाबदेह बनें

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदली गई पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर 'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत को चरितार्थ कर किया है। इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में खूब भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवादित रहती? लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी में बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि, वकीलों द्वारा आपत्ति जताई जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में ले लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है। न्यायालयों में पर्यापत भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को जताता है। विधायिका में तो कई सांसद और विधायक सदन में सवाल पूछने की रिश्वत लेते समाचार चैनलों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ऐसे में यदि कार्यपालिका और विधायिका को भी इस पाठ में सम्मिलित कर दिया जाता तो विद्यार्थियों को यह पता चलता कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ भ्रष्टाचार से किस हद तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य हैं, वह भटकता रहता है। इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है, लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनके रौब-रुतबा और पौ-बारह सुनिश्चित हैं। अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीष ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर, कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। सरकारी नौकरी में आर्थिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा निर्मित हो जाने से बौद्धिक योग्यता और पद प्रतिष्ठा की एक नई संस्कृति पनपी है। यदि कोई युवक या युवती सिविल जज बन जाता है, तो वे सिविज जज से ही शादी करने लग गए हैं। शादी के बाद दपंत्ति की अलग-अलग जगह पद्स्थापना इन्हें मिलने में रोड़ा बनती है, अतएव ये लोग किसी न किसी बहाने छुट्टी लेकर एक-दूसरे से मिलने चले जाते हैं। ये नई संस्कृति अदालतों में काम का बोझ बढ़ाने का नया कारण बन गई है। अतएव, इस तरह के बिंदु नए पाठ में शामिल कर दिए जाते तो विद्यार्थियों को अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुकदमों की बढ़ती संख्या की व्यापक जानकारी मिलती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



कूटनीति
अरविंद जयतिलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है। अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

# भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है।

दोनों देशों ने विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने के निर्णय के साथ ही भारत में इजराइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर भी हामी भरी है। इजराइल की मदद से भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना का भी निर्णय लिया है। दोनों देश एफटीए यानि (मुक्त व्यापार समझौता) पर आगे बढ़ते हुए दूसरे दौर की बातचीत मई माह में करने जा रहे हैं। इस यात्रा में पहले दौर की बातचीत का चरण पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एफटीए के टर्म्स और रेफरेंस को लेकर गत वर्ष नवंबर माह में हस्ताक्षर कर चुके हैं। गौर करें तो दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में तकरीबन 3.62 बिलियन डॉलर का था और अब अगर एफटीए मूर्त रूप लेता है तो दोनों देशों के कारोबार में कई गुना वृद्धि होगी। अच्छी बात है कि अब भारत का यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इजराइल में भी चलेगा। दोनों देशों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमइसी) और आईटूयूटू (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के हित जुड़े हैं इसलिए हम आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहेंगे।

दोनों देशों ने बढ़ते कट्टरपंथ और आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी कंधा जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। गौर करें तो 2018 और उससे पहले 2002 में दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय समझौते को आकार देते हुए आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यदल का गठन किया था। आज वह कार्यबल, सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर आतंकवाद की भयावहता से निपटने की तकनीक को सीखने में भरपूर मददगार साबित हो रहा है। बहरहाल आतंकवाद से जूझ रहे इन दोनों देशों की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन समस्या एक जैसी है। जहां भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है, वहीं इजराइल सीमा पार से फिलिस्तीन में डेरा जमाए आतंकी संगठन फतह और हमास से जूझ रहा है। अब दोनों देश मिलकर आतंक के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में एक मंच पर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि अभी तक इजराइल से भारत की अति निकटता को दोधारी तलवार सरीखा माना जाता था।

यह कारण गिनाया जाता था कि चूंकि इजराइल और ईरान एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लिहाजा भारत को इजराइल से संबंध जोड़ने के मामले में फूंककर कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल



यात्रा और बेंजामिन नेतान्याहू की भारत यात्रा ने इस मिथक को तोड़ दिया है। दोनों देश तेजी से एक-दूसरे के निकट आ रहे हैं। हालांकि भारत की घरेलू राजनीति में कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम वोटयुक्ति के लिए नेतान्याहू और मोदी की युगलबंदी पर लगातार तंज कसते रहे हैं ,लेकिन आम जनमानस दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्ते से खुश है। किसी से छिपा नहीं है कि भारत के अधिकांश राजनीतिक दल फिलिस्तीन के मुद्दे पर इजराइल के निकट जाकर मुसलमानों की नाराजगी मोल लेने से बचते हैं। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी से पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल जाने की जहमत नहीं उठायी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतान्याहू ने पूर्वाग्रह के खोल से बाहर निकलकर भारत-इजराइल संबंधों को परवान चढ़ाया है। यहां ध्यान देना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान की भी यात्रा कर उसे भरोसा दे चुके हैं कि इजराइल से उसकी दोस्ती उसकी कीमत पर नहीं होगी। बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में ईरान भी भारत की रणनीतिक सोच से अच्छी तरह अवगत है। उसका भारत पर विश्वास का ही नतीजा है कि वह चाबहार समझौते के लिए तैयार हुआ, जिसके जरिए भारत को चीन व पाकिस्तान पर नकेल कसने में मदद मिल रही है। गौर करें तो भारत-इजराइल दोनों देश उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं और आज की तारीख में दोनों ही अपने शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों से पीड़ित हैं। ऐसे में अगर दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को गति देते हैं तो निःसंदेह यह दोनों देशों के हित में होगा। गौर करें तो भारत और इजराइल के बीच प्रतिरक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। आज इजराइल ने उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। यहां ध्यान देना होगा कि इजराइल जिसकी अर्थव्यवस्था फिलिस्तीन युद्ध के कारण डांवाडोल होती रही है, को भी भारत के रूप में रक्षा उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार चाहिए। यही वजह है कि भारत के प्रति इजराइल की दिलचस्पी बनी हुई है। प्रतिरक्षा के अलावा व्यापार-कारोबार के क्षेत्र में भी दोनों देश नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। इजराइल भारत में निवेश करने वाले शीर्ष देशों में शुमार है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इजराइल से 334.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। इजराइल को कृषि विकास के क्षेत्र में महारत हासिल है।

दोनों देशों द्वारा औद्योगिक व प्रौद्योगिकी नवोन्मेश कोश के लिए आधी-आधी राशि का भुगतान, गंगा की सफाई, जल संरक्षण, परमाणु घड़ी के लिए सहयोग, जीईओ-एलईओ ऑप्टिकल लिंक, नैनो सेटलाइट को ऊर्जा इत्यादि पर भी तेजी से काम चल रहा है। भारत में निजी क्षेत्र ने भी इजराइली तकनीक में दिलचस्पी दिखायी है तथा बागवानी एवं सिंचाई के क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उत्पादन के लिए टीवीएस का गठन किया गया है। फिलहाल दोनों देश आयात-निर्यात संतुलन को लेकर भी संजीदा हैं ताकि दोनों को कारोबार का समान लाभ मिले। भारत इजराइल को जेवरात, दवाइयां, औषधीय सामग्रियां, सूती धागे, वस्त्र, प्लास्टिक तथा लाइनोलियम इत्यादि निर्यात करता है। वहीं, इजराइल से मोती, कीमती पत्थर इत्यादि आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा से अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

*-परेश कौशिक, रायपुर*

## करंट अफेयर

# चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त किए गए

चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। देर बृहस्पतिवार की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी चिनफिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आयी है। ऐसे में पिछले महीने सेना के शीर्ष जनरल को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा मानी जा रही है, जब शी सशस्त्र बलों में सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। शी चिनफिंग 14 साल से सत्ता में हैं और विश्लेषकों का कहना है कि यह अभियान संभावित प्रतिद्वंद्वियों को हटाने और अपने अधीनस्थों के बीच निष्ठासुनिश्चित करने का एक तरीका भी है। इन बर्खास्तियों का नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, जो अगले बृहस्पतिर को शुरू होगी और इसके एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।



## ऑफ बीट

# रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।



## ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन

संघ से लेकर भाजपा तक, राष्ट्रसेवा व समाज-कल्याण के लिए समर्पित 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के आजीवन पथप्रदर्शक रहे। नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### शांतिपूर्ण विरोध 'अपराध'

आज भारत में कंप्रोमाइज्ड पीएम के राज में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा "अपराध" बना दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को धीरे-धीरे ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साज़िश बताया जाता है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### जनविश्वास का प्रतिबिंब

हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पिछले एक साल में दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा है और विकसित दिल्ली का रोडमैप भी है। यह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में हुए ठोस कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, बढ़ते जनविश्वास का प्रतिबिंब है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### कट्टर ईमानदार

एक बार फिर डा. आम्बेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके बनाए संविधान पर फख्र महसूस हो रहा है। बीजेपी व सारी एजेंसियों की हमें बेईमान साबित करने की तमाम कोशिशों के बावजूद आज साबित हो गया कि केजरीवाल-सिसोदिया कट्टर ईमानदार है।

**- मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री, आप**



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कांग्रेस के कॉम्प्रोमाइज सरेंडर से कैलेंडर भरा

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कॉम्प्रोमाइज कृत्यों को देश के सम्मुख रखना आवश्यकः सुधांशु

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस सरकार और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल से जुड़े अंतरराष्ट्रीय दस्तावेजों, संस्मरणों और पुस्तकों का हवाला देते हुए शीत युद्ध के दौर में विदेशी खुफिया एजेंसियों के भारत पर प्रभाव और आर्थिक व कूटनीतिक निर्णयों तथा राजनीतिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कॉम्प्रोमाइज और सरेंडर से देश का कैलेंडर भरा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि आजकल 'कंप्रोमाइज्ड गवर्नमेंट' विषय को लेकर प्रायोजित और संगठित दुष्प्रचार किया जाता है, इसलिए आज कांग्रेस पार्टी की सर्वकालीन, सर्वशक्तिशाली माने जाने वाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कॉम्प्रोमाइज कृत्यों को देश के सम्मुख रखना आवश्यक है। ब्रिटिश इतिहासकार पॉल मैकगैर की पुस्तक 'स्पाइंग इन साउथ एशियाः ब्रिटेन, यूनाइटेड स्टेट्स, इंडिया एंड द सीक्रेट कोल्ड वॉर' में उन्होंने कहा है कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में भारतीय व्यवस्था का ऐसा कोई हिस्सा नहीं था, जो उस समय अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की पहुंच से बाहर न रहा हो।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि किताब में यह भी उल्लेख है कि वी. के. कृष्ण मेनन का इंदिरा गांधी पर काफी प्रभाव था और उनके विचार कई बार सोवियत संघ की सोच से मेल खाते थे। इसलिए उस दौर में सोवियत संघ के साथ भारत के संबंधों और नीतिगत झुकाव पर भी सवाल उठते हैं। जब सीआईए से जुड़े आरोपों की चर्चा होती है, तो शीत युद्ध के समय सोवियत संघ के साथ निकटता के मुद्दे को भी उसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। मित्रोखिन आर्काइव्स में केजीबी के संदर्भ में यह भी लिखा है कि सोवियत पॉलिटब्यूरो की ओर से 1976 में कांग्रेस पार्टी को 20 लाख रुपए और बाद में 10 लाख रुपए दिए गए थे। आज से लगभग 50 वर्ष पहले 10–20 लाख रुपए बहुत बड़ी राशि मानी जाती थी और यह विवरण वहां के पूर्व अधिकारियों के लिखित अभिलेखों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि इस विषय को और आगे समझने की आवश्यकता है। वसीली मित्रोखिन, केजीबी के एक अधिकारी था, जो सोवियत संघ के विघटन के बाद कई गोपनीय दस्तावेज लेकर लंदन चला गया और उसने दुनिया भर में केजीबी के ऑपरेशन्स को लेकर वर्ष 2006 में दो भागों में पुस्तक लिखी, 'मित्रोखिन आर्काइवः केजीबी एंड द वर्ल्ड (भाग-1 और भाग-2)।' दूसरे भाग में भारत के संदर्भ में उल्लेख है कि मई 1976 में मॉस्को के आग्रह पर भारत ने सोवियत वस्तुओं के आयात के लिए रूबल की विनिमय दर 8.33 रुपए प्रति रूबल से बढ़ाकर 10 रुपए प्रति रूबल कर दी। यानी सीधे केजीबी के प्रभाव में कॉम्प्रोमाइज करके भारत की रुपए की विनिमय दर रूबल के संदर्भ में बढ़ाकर 8.33 से 10 कर दी गई ताकि सोवियत संघ से अधिकाधिक आयात हो सके और उसकी कीमत भारत के लोगों को चुकानी पड़े।

भाजपा सांसद ने कहा कि वर्ष 1977 में कांग्रेस की हार के बाद मॉस्को में इस विषय पर बैठक हुई कि इतने प्रयासों के बावजूद चुनावी पराजय क्यों हुई। यदि इसके बाद भी 'कॉम्प्रोमाइज' का अर्थ समझ में नहीं आता, तो तथ्यों को और ध्यान से देखने की आवश्यकता है। विकीलीक्स में जो विवरण सामने आए हैं, वे पूरी तरह सत्य हैं या नहीं, इसका अब तक कांग्रेस ने स्पष्ट खंडन नहीं किया है। 1980 के दशक की शुरुआत में पाकिस्तान जिस संभावित परमाणु परीक्षण की दिशा में बढ़ रहा था, उसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताएं थीं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत द्वारा आधिकारिक घोषणा से पहले ही रूस और अमेरिका की ओर से इसकी जानकारी सार्वजनिक कर दी गई थी। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की गोपनीय से गोपनीय जानकारी, भारत से पहले उस समय की विदेशी शक्तियों के पास थी और उस समय इंदिरा गांधी की सरकार ने बड़े विनम्र स्वर में झुककर कहा था, हमने यह हथियार के लिए नहीं किया है, बल्कि शांतिपूर्ण कार्यों के लिए किया है। 1998 में 11 मई को दोपहर सवा तीन बजे जब अटल जी ने घोषणा की थी कि भारत ने पोखरण रेंज में परमाणु परीक्षण किया है, तो यह अमेरिका और रूस दोनों के लिए बड़ा झटका था।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि आज देश यह स्पष्ट रूप से जानना चाहता है कि विदेशी एजेंसियों से धन लेने संबंधी जो बातें विभिन्न पुस्तकों में दर्ज हैं, और जिनका उल्लेख स्वयं उनके ही पूर्व अधिकारियों द्वारा किया गया है, उन पर कांग्रेस पार्टी ने अब तक न तो कोई ठोस स्पष्टीकरण क्यों नहीं दिया? स्पष्टीकरण तो छोड़िए, उन पर कोई सवाल भी नहीं उठाया गया। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत उस शक्ति के रूप में उभर रहा है कि विश्व का हर देश यह कह रहा है कि भारत आज नए स्वरूप में है। कल ही इजराइल के नेसेट में सभी ने देश के सम्मान को देखा। वहीं, दूसरी ओर जो किताबों का हिसाब निकल कर सामने आया है, उसने राजनीतिक विमर्श का वातावरण बहुत खराब कर दिया है। कांग्रेस पार्टी यह उत्तर दे कि, कांग्रेस ने कौन-कौन से कॉम्प्रोमाइज किए? उनके कॉम्प्रोमाइज और सरेंडर से देश का कैलेंडर भरा हुआ है।

---

सांसद बोलीः एससी, एसटी, बीसी वर्गों, दिहाड़ी

## बीपीएल राशन कार्डों में 24% कटौती पर जवाब दे हरियाणा सरकार



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा की सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने हरियाणा में बीपीएल राशन कार्डों की संख्या में आई भारी कमी को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के जो आंकड़े सामने आए हैं वे चिंताजनक हैं और यह गरीबों के साथ अन्याय का संकेत देते हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि जनवरी 2024 में प्रदेश में 44.99 लाख बीपीएल राशन कार्ड थे, जो मार्च 2025 में बढ़कर 52.50 लाख हो गए, लेकिन जनवरी 2026 तक यह संख्या घटकर 39.88 लाख रह गई। उन्होंने कहा कि लगभग 24 प्रतिशत की यह कमी कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। क्या वास्तव में प्रदेश में गरीबी इतनी तेजी से कम हुई है या फिर पात्र परिवारों को विभिन्न प्रशासनिक कारणों से सूची से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एससी, एसटी, बीसी वर्गों, दिहाड़ी मजदूरों, विधवाओं और अनाथों के राशन कार्ड परिवार पहचान पत्र में कथित त्रुटियों के आधार पर काटे गए हैं।

- कहा, जनवरी 2024 में प्रदेश में 44.99 लाख बीपीएल राशन कार्ड थे, जो घटे

### गरीबों के लिए जीवन का आधार बना

कुमारी सैलजा ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए राशन जीवन का आधार है और यदि पात्र लोगों को योजनाओं से वंचित किया गया है तो यह उनके अधिकारों का हनन है। उन्होंने प्रदेश सरकार से बीपीएल राशन कार्डों में हुई कटौती पर श्वेत पत्र जारी करने, अपील के बाद बहाल किए गए कार्डों का विवरण सार्वजनिक करने तथा पीपीपी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्वतंत्र ऑडिट कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन पात्र परिवारों के कार्ड गलत डेटा के कारण कटे हैं, उनकी शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जानी चाहिए।

---

'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त' पर बोले पीएम मोदी

# बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं यह विकसित भारत का दीर्घकालिक रोडमैप

## बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेबिनार को प्रभावी बनाने पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार में कहा कि राष्ट्रीय बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पॉलिसी रोडमैप होता है। उन्होंने कहा कि बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, क्रेडिट फ्लो आसान बनाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, गवर्नेंस में पारदर्शिता लाएं और नागरिकों का जीवन सरल बनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि हर बजट राष्ट्र निर्माण की सतत प्रक्रिया का एक चरण है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य इसी क्रम में आगे बढ़ रहा है।

बजट के बाद होने वाले वेबिनार केवल विचार-विमर्श तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक अनुभवों पर आधारित प्रभावी ब्रेनस्टॉर्मिंग का मंच बनें। उन्होंने उद्योग, शिक्षाविदों, विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सटीक परिणामों के लिए आवश्यक बताया।

नागरिकों का जीवन सरल बनाएगा



बजट वेबिनार को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी

### विदेशी निवेश और बॉन्ड मार्केट सुधार

पीएम मोदी ने कहा कि विदेशी निवेश ढांचे को अधिक सरल और निवेशक-अनुकूल बनाया जा रहा है। लॉन्ग-टर्म फाइनेंस को मजबूत करने के लिए बॉन्ड मार्केट को सक्रिय बनाने और लेनदेन प्रक्रिया को आसान करने के कदम उठाए जा रहे हैं।

### रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर का सुझाव

उन्होंने कहा कि किसी भी नीति की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों के साझा संकल्प के रूप में रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर विकसित करने पर उन्होंने कहा यह विकसित भारत की यात्रा का महत्वपूर्ण दस्तावेज बनेगा।

### सुधारों से बनी आर्थिक मजबूती

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का एक चौथाई बीतने के साथ भारत तेज आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण चरण में है। पिछले एक दशक में देश ने असाधारण लचीलापन दिखाया है, जो संयोग नहीं बल्कि दृढ़ नीतिगत सुधारों का परिणाम है। प्रक्रियाओं के सरलीकरण, टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस और मजबूत संस्थागत ढांचे ने अर्थव्यवस्था को नई गति दी है।

दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ी

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष फोकस रखा गया है। हाईवे, रेलवे, पोर्ट, डिजिटल नेटवर्क और पावर सिस्टम जैसे ठोस परिसंपत्तियों से दीर्घकालिक उत्पादकता पैदा होगी। 11 साल पहले सार्वजनिक पूंजीगत व्यय लगभग 2 लाख करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

### निजी क्षेत्र और वित्तीय संस्थानों की भूमिका अहम

प्रधानमंत्री ने उद्योग और वित्तीय संस्थानों से इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, फाइनेंसिंग मॉडल में नवाचार और उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया और मूल्यांकन पर जोर दिया।

आज जाएंगे गुजरात

### माइक्रोन की सेमीकंडक्टर फैसिलिटी का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी शनिवारको गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की नई सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री का आज राजस्थान दौरा

### कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी शनिवारको राजस्थान के अजमेर का दौरा करेंगे। वे 16,680 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे।

**महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अभियान शुरू करेंगे**

प्रधानमंत्री 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**प्रमुख हाईवे परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे**

प्रधानमंत्री कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें बांदीकुई-जयपुर 4 लेन है।

---

स्पीकर बिरला ने इंदौर में श्री वैष्णव विद्यापीठ विवि के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित किया

# युवा वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं

## लोक सभा अध्यक्ष ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने और नए आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में कार्य करने का किया आग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज विश्व के सभी देश एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और ऐसे परिवेश में भारत के युवा वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह बदलते और विकसित भारत के निर्माण का कालखंड है तथा विचारशील दृष्टिकोण, नवोन्मेषी सोच और शोध करने में सक्षम इस युग के विद्यार्थी भारत को नई दिशा की ओर ले जाने के लिए तत्पर हैं।

बिरला ने इंदौर, मध्य प्रदेश में श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते समय यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं; और इन युवाओं का आत्मविश्वास, नवीन दृष्टिकोण और नवोन्मेषी सोच राष्ट्र निर्माण का आधार बन गई हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि उनके अच्छे भविष्य के लिए ज्ञान अर्जित करना, व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करना, नवोन्मेषी पद्धतियों को अपनाना और तकनीक में महारत हासिल करना बहुत ज़रूरी है।

बिरला ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि यह विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान निकालने में युवाओं को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है।

बिरला ने बताया कि अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उन्होंने देखा है कि अनेक देश भारत, विशेष रूप से इसकी युवा आबादी को बड़ी उम्मीद के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ कई देशों में युवा आबादी कम हो रही है, वहीं भारत की युवा आबादी और उनकी क्षमताएं अपार अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने इस बात की सराहना की कि स्टार्टअप्स, नवाचार और शोध कार्यों के माध्यम से, भारतीय युवाओं ने पहले ही राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास भारत की क्षमता और भावी नेतृत्व में मजबूत विश्वास को दर्शाते हैं। बिरला ने यह आशा व्यक्त की कि शैक्षणिक यात्रा के दौरान युवाओं को प्राप्त ज्ञान और अनुभव अंततः राष्ट्र के काम आएगा। बिरला ने कहा कि मूल्यों, संस्कृति और सामाजिक प्रतिबद्धता की भावना से ओतप्रोत प्रत्येक छात्र से अपेक्षा की जाती है कि वह नए भारत के निर्माण और एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे तन-मन से योगदान दें। इस अवसर पर इंदौर से सांसद शंकर लालवानी और मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट भी उपस्थित रहे।

---

# पी. चिदंबरम के खिलाफ दो मामलों में अभियोजन स्वीकृति

## षड्यंत्र कर सौदों को मंजूरी दी, ईडी ने विशेष अदालत में रखा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के खिलाफ दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर ली है।

एयरसेल-मैक्सिस और आईएनएक्स मीडिया सौदों से जुड़े इन मामलों में स्वीकृति आदेश विशेष अदालत में पेश कर दिया गया है, ताकि सुनवाई प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। माना जा रहा है अब चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ेंगी। हालांकि कांग्रेस पार्टी इस घटनाक्रम को तमिलनाडु चुनाव से जोड़ कर देख रही है।

ईडी के अनुसार, दोनों सौदे कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के कार्यकाल में हुए थे, जब चिदंबरम वित्त मंत्री थे। एयरसेल-मैक्सिस मामले में ईडी ने 2018 में और आईएनएक्स मीडिया मामले में 2020 में आरोपपत्र दाखिल किया था, जिनमें चिदंबरम का नाम शामिल है। अदालत ने 2021 में आरोपपत्रों पर संज्ञान लिया था।

दोनों मामलों में सुनवाई अभियोजन स्वीकृति के अभाव में रुकी हुई थी। अब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197(1) -जो अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत आती है, उसके तहत स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। ईडी ने यह आदेश राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया है।

ईडी का आरोप है कि पूर्व वित्त मंत्री ने विदेशी निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के माध्यम से एयरसेल-मैक्सिस को मंजूरी देने में कथित रूप से अनियमितता बरती। एजेंसी का कहना है कि 20 मार्च 2006 को दी गई मंजूरी उस सीमा से अधिक थी, जिसके लिए कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स की अनुमति आवश्यक थी। आरोप है कि यह मंजूरी कथित रूप से एक बड़े षड्यंत्र के तहत दी गई।

ईडी ने यह भी दावा किया है कि जांच में सामने आया है कि कथित तौर पर 1.16 करोड़ की अवैध राशि

### पवन खेड़ा ने कहा, भाजपा इच्छाधारी नाग

एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा। भाजपा कोई राजनीतिक दल नहीं, बल्कि रूप बदलने वाला 'इच्छाधारी नाग' है।
उसका एक ही जुनूनी लक्ष्य है -कांग्रेस मुक्त भारत।
12 साल तक टीएमसी पर जहर उगला और अब नरेंद्र मोदी उसी की तारीफ कर रहे हैं, सिर्फ कांग्रेस पर सस्ता वार करने के लिए।
चुनाव आते ही कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामले तेज कर दिए जाते हैं।
तमिलनाडु में चुनाव होने वाले हैं, इसलिए पी. चिदंबरम को फिर से सुर्खियों में लाया गया है।
वहीं आम आदमी पार्टी और अन्य 'सुविधाजनक सहयोगियों' के खिलाफ कार्रवाई गुजरात और पंजाब चुनाव के मद्देनज़र धीमी पड़ जाती है।

---

एचपीवी के खिलाफ जंगः राजस्थान के अजमेर से होगी शुरुआत

# प्रधानमंत्री मोदी आज से शुरू करेंगे राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

देश में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान के अजमेर से मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण के विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार इस अभियान के तहत 14 वर्ष की सभी बालिकाओं तथा अगले 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली किशोरियों को यह टीका निःशुल्क लगाया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। भारत में महिलाओं में यह कैंसर का दूसरा सबसे आम प्रकार है, जिससे हर वर्ष लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और करीब 75 हजार महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि कम उम्र में टीकाकरण से भविष्य में इस घातक बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### देशभर में 30 हजार से अधिक केंद्रों पर सुविधा

सरकार ने इस अभियान के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। देशभर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में स्थापित लगभग 30,000 टीकाकरण केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन केंद्रों पर कोल्ड चेन की व्यवस्था, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और आपात स्थिति से निपटने की सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। पहले 90 दिनों तक सभी पात्र बालिकाओं के लिए रोजाना टीकाकरण उपलब्ध रहेगा, उसके बाद नियमित टीकाकरण दिवसों में सप्ताह में दो बार यह सेवा जारी रहेगी।राज्यों को आवश्यक खुराक का वितरण शुरू कर दिया गया है। बड़े राज्यों को उनकी आवश्यकता का लगभग आधा स्टॉक पहले ही उपलब्ध करा दिया गया है ताकि अभियान में कोई बाधा न आए।

### पात्रता और दिशा-निर्देश

14 वर्ष की सभी बालिकाएं या अभियान शुरू होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली किशोरियां टीका लगवा सकती हैं। अभिभावक 'यू-विन' ऐप के माध्यम से सहमति दे सकते हैं या इंटरनेट उपलब्ध न होने पर लिखित सहमति भी स्वीकार की जाएगी।

जिन बालिकाओं को मध्यम या गंभीर बीमारी हो, पहले टीकों से एलर्जी रही हो या यीस्ट से एलर्जी हो, उन्हें टीकाकरण से पहले चिकित्सकीय परामर्श लेना होगा। लक्ष्य आयु वर्ग से बाहर की बालिकाएं, गर्भवती महिलाएं या पहले से एचपीवी टीका ले चुकीं किशोरियां इस चरण में पात्र नहीं होंगी।

### केंद्रों पर विशेष सावधानियां

टीकाकरण केंद्रों पर आने वाली बालिकाएं अपने अभिभावकों के साथ वॉक-इन कर सकती हैं या पूर्व अपॉइंटमेंट ले सकती हैं। टीकाकरण से पहले हल्का नाश्ता करने की सलाह दी गई है। टीका लगने के बाद 30 मिनट तक केंद्र पर रुककर निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी प्रतिकूल प्रतिक्रिया की स्थिति में तुरंत उपचार दिया जा सके। सामान्य दुष्प्रभावों में हल्का दर्द, लालिमा, बुखार या सिरदर्द शामिल हो सकते हैं। एचपीवी टीकों को 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखा जाएगा, जो कि सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अन्य टीकों के समान है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि भंडारण और आपूर्ति में कोई अतिरिक्त चुनौती नहीं है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| एनआईटी | 90, 94 - 2025-26-डब्ल्यू–5 | |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | (90) सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के क्षेत्र में विभिन्न कम ऊंचाई वाली सबवे से पानी निकालना और कम ऊंचाई वाली सबवे और पुलों के जलमार्ग की सफाई कराने का कार्य। (94) वरिष्ठ मंडल अभियंता पंचम के क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराने का कार्य। समान कार्य की प्रकृति : कोई भी सिविल कार्य। | |
| | (90) Rs.2806792.01 | (94) Rs.6498626.56 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। | |
| | (90) Rs.56100.00 | (94) Rs.130000.00 |
| | (90) 06 महीने | (94) 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 24.03.2026 को 15.00 बजे तक तथा 24.03.2026 को 15.00 बजे निविदा खुलना है | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-V/NIT-90 & 94 - 2025-26
Date : 26.02.2026 667/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. आरिफ उर्फ आसिफ** पुत्रः **इकबाल 2. दानिश पुत्रः असलम** दोनों निवासीः **1457, आई–ब्लॉक, गली नं. 1500, जहाँगीरपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 625/2024 U/s 307/317(2) / 3(5) BNS, थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. आरिफ उर्फ आसिफ 2. दानिश** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. आरिफ उर्फ आसिफ 2. दानिश** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 625/2024 U/s 307/317(2) / 3(5) BNS, थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. आरिफ उर्फ आसिफ 2. दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 07.04.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति राजोरिया
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
केन्द्रीय, रूम नं. 32
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2525/N/2026 (Court Matter)

विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी पर आयोजित वेबनार को किया संबोधित

# मोदी का भारतीय कंपनियों से निवेश करने बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आह्वान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

## सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था

### केंद्रीय बजट 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक हुआ

पीएम ने कहा कि अधिक आवंटन बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, '' भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए।''



### मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना होगा

पीएम ने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, '' हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है... हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए।''

### निजी क्षेत्र ने अभी तक नहीं दिखाई एनिमल स्पिरिट

सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है। मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है।

### बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं, यह है दीर्घकालिक रोडमैप

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार में कहा कि राष्ट्रीय बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पॉलिसी रोडमैप होता है। उन्होंने कहा कि बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, क्रेडिट फ्लो आसान बनाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, गवर्नेंस में पारदर्शिता लाएं और नागरिकों का जीवन सरल बनाएं।

## आचार्य बालकृष्ण एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित



मोहाली। भारत एवं विश्व स्तर पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान को बल देने वाले अग्रणी वैज्ञानिक और आयुर्वेदाचार्य, आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान, मोहाली में आयोजित सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की 13वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन एथनोफार्माकोलॉजी - इंटेग्रटिंग ट्रैडिशनल मेडिसिन इन मॉडर्न हेल्थकेयर में " एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान, सोसायटी फॉर एथनो-फार्माकोलॉजी" भारत द्वारा एथनोफार्माकोलॉजी एवं पारंपरिक औषधियों के शोध तथा विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आयुर्वेद की उपलब्धि है, यह सम्पूर्ण भारत की उपलब्धि है। पतंजलि, आयुर्वेद के उत्थान और जनमानस को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में प्रगतिशील है। 90 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक दवाइयाँ और प्राकृतिक उपचार आज लोगों को सुरक्षित तथा प्रभावी स्वास्थ्य विकल्प प्रदान कर रहे हैं।

## गोदरेज एग्रोवेट द्वारा 'टकाई' नामक नया मल्टी-क्रॉप कीटनाशक लॉन्च




मुंबई। भारत की अग्रणी विविधीकृत एग्री-बिजनेस कंपनियों में से एक, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने नया मल्टी-क्रॉप कीटनाशक टकाई लॉन्च किया है। आईएसके जापान द्वारा विकसित साइक्लेप्रिन तकनीक से संचालित ताकाई, प्रमुख लेपिडोप्टेरन कीटों (इल्ली/सुंडी वर्ग के कीट) के विरुद्ध तेज नियंत्रण और लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है, जो फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं। इससे किसानों को फसल की समग्र सेहत बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी को धान, मक्का, चना और सोयाबीन के लिए लेबल अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, जबकि पत्ता गोभी और मिर्च फसलों के लिए लेबल विस्तार की मंजूरी की प्रक्रिया जारी है। पश्चिम बंगाल—जिसे व्यापक रूप से "भारत का चावल का कटोरा" कहा जाता है और जहाँ प्रतिवर्ष लगभग 15 मिलियन टन धान का उत्पादन होता है—में लेपिडोप्टेरन कीट कृषि उत्पादकता और किसानों की आय के लिए एक गंभीर चुनौती बने हुए हैं। धान की फसल में येलो स्टेम बोरर (तना छेदक) और लीफ फोल्डर के प्रकोप के दौरान गंभीर परिस्थितियों में 20—40 प्रतिशत तक उत्पादन हानि हो सकती है। वहीं, मक्का में फॉल आर्मीवर्म 25—30 प्रतिशत तक नुकसान पहुँचा सकता है, जो अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में 60—65 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

## गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी विशाखापट्टनम-में स्कूल ऑफ एजुकेशन का शुभारंभ




हैदराबाद। दक्षिण भारत की अग्रणी विश्वविद्यालय एवं एमएचआरडी की 'ए' ग्रेड प्राप्त संस्था, जिसके परिसर विशाखापट्टनम, हैदराबाद और बेंगलुरु में स्थित हैं गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने हैदराबाद परिसर में गीतम स्कूल ऑफ एजुकेशन की स्थापना की घोषणा की है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप भविष्य के शिक्षकों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नवस्थापित स्कूल ऑफ एजुकेशन शैक्षणिक वर्ष 2026—27 से चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) प्रारंभ करेगा। बी.एससी. बी.एड. और बी.ए. बी.एड. कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि वे विषयगत ज्ञान को पेशेवर शिक्षक प्रशिक्षण के साथ एकीकृत करें, जिससे भावी शिक्षकों को विषय विशेषज्ञता के साथ-साथ सशक्त शिक्षण कौशल (पैडागॉजिकल आधार) भी प्राप्त हो सके। प्रत्येक कार्यक्रम में 50 छात्रों का प्रवेश होगा। आईटीईपी के अंतर्गत छात्र विज्ञान, गणित, अंग्रेजी या सामाजिक विज्ञान में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही समकालीन कक्षाओं में प्रभावी शिक्षण के लिए आवश्यक पेशेवर दक्षताओं का विकास भी करेंगे।

## सोने में 2,000 रुपये की तेजी चांदी भी 14,000 रुपये बढ़ी



नई दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमत बढ़ी। बाजार में बढ़ते अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद और स्थिर डॉलर के मुकाबले पश्चिम एशिया में लगातार तनाव का असर है।'' उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक टकराव और शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता ने सुरक्षित निवेश की मांग को जारी रखा। सराफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे दिन भी बढ़त देखने को मिली और यह 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले बंद भाव से 14,000 रुपये बढ़कर 2,82,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 1.42 डॉलर यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 89.72 डॉलर प्रति औंस रही। हालांकि, सोना थोड़ा घटकर 5,172.17 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

## जयपी यूनिवर्सिटी व फ्लोरिडा एग्रीकल्चरल एंड मैकेनिकल यूनिवर्सिटी के बीच साझेदारी स्थापित

नई दिल्ली। जयपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश तथा फ्लोरिडा एग्रीकल्चरल एंड मैकेनिकल यूनिवर्सिटी , टलाहासी, अमेरिका ने सहयोगात्मक शोध एवं शैक्षणिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक साझेदारी स्थापित की है। इस पहल के अंतर्गत सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र शोध गतिविधियों हेतु छात्र विनिमय (स्टूडेंट एक्सचेंज) होगा। इस समझौता ज्ञापन की रूपरेखा एफएएमयू के प्रो. अश्वानी चौहान की जेयूआईटी यात्रा के दौरान हुई शैक्षणिक चर्चाओं से विकसित हुई। प्रो. चौहान एफएएमयू के स्कूल ऑफ द एनवायरनमेंट में माइक्रो बायोमिक्स प्रयोगशाला का नेतृत्व करते हैं। यह सहयोग जेयूआईटी के सीईओ मनु भास्कर गौर द्वारा प्रदान किए गए संस्थागत समर्थन को भी दर्शाता है। एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर एफएएमयू की वाइस प्रेसिडेंट (एकेडमिक अफेयर्स) डॉ. एलिसन एल. वॉटसन तथा जेयूआईटी के कुलपति प्रो. आर. के. शर्मा द्वारा किए गए। दोनों विश्वविद्यालय समान रुचि के क्षेत्रों में शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित करते हैं। एफएमयू बायोमेडिकल, सिविल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल, एनवाय नमेंटल, मटेरियल्स साइंस तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के साथ-साथ कृषि, व्यवसाय, गणित और सामाजिक विज्ञान में भी कार्यक्रम प्रदान करता है। यह एमओयू छात्र एवं संकाय विनिमय, संयुक्त शोध पहल, शैक्षणिक संवाद तथा पेशेवर विकास गतिविधियों की परिकल्पना करता है। इन गतिविधियों से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच ज्ञान आदान-प्रदान के अनेक अवसर उत्पन्न होने की अपेक्षा है। जेयूआईटीके डीन (रिसर्च एवं इंटरनेशनलाइजेशन) प्रो. सुधीर स्याल ने कहा कि यह साझेदारी संयुक्त शोध पर्यवेक्षण तथा दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शोध अनुभव प्रदान करने में सहायक होगी।

## राज्य बड़े आकार के खेतों पर कर लगा सकते हैं : मोंटेक

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



राज्य इस कर से अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत कर सकते हैं

अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उन बड़े खेतों पर कर लगा सकती हैं जो विविधीकरण से उच्च आय अर्जित कर रहे हैं। यहां 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित एक सम्मेलन में पूर्ववर्ती योजना आयोग के वाइस चेयरमैन रह चुके अहलूवालिया ने कहा कि राज्य विविधीकृत कृषि पर कराधान से प्राप्त राजस्व पूरी तरह अपने पास रख सकते हैं। इसे केंद्र के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। सिंह ने कहा, '' वास्तविकता यह है कि संपूर्ण कृषि पर केंद्र कर नहीं लगा सकता और केवल राज्य ही कर लगा सकते हैं। क्या यह मान लिया जाए कि कृषि को हमेशा के लिए आयकर से मुक्त रखा जाना चाहिए, चाहे खेत का आकार कुछ भी हो? इसका बचाव करना बहुत कठिन है। अहलूवालिया ने कहा, यदि आपके पास विविध तरह के मध्यम आकार के खेत हैं तो वे निश्चित रूप से पर्याप्त उच्च आय उत्पन्न कर सकते हैं।

## जियो फाइनेंशियल ने इकाई में 2000 करोड़ की पूंजी डाली

नई दिल्ली। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) ने अपनी अनुषंगी कंपनी जियो क्रेडिट लि. में 2,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। इसका मकसद कंपनी के कारोबार वृद्धि के लिए कोष उपलब्ध कराना है। जेएफएसएल ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो क्रेडिट लि. (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) के 10 रुपये प्रति शेयर के 3,35,71,923 इक्विटी शेयर 585.70 रुपये प्रति शेयर के भाव पर नकद में खरीदे हैं।


### उत्तर रेलवे
#### निविदा आमंत्रण सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 48-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26 दिल्ली डिवीजन में स्थापित ओमेगा ब्रांड की लिफ्टों के लिए तीन साल की व्यापक वार्षिक प्रबंधन योजना (एएमसी)। | | |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹ 86,79,060.00/- | बयाना राशि | ₹ 173600.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 23.03.2026 16.00 बजे | निविदा खोलने की दिनांक व समय | 23.03.2026 16.00 बजे |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विधुत अभियन्ता/ जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली | | |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विधुत अभियन्ता/ जी, नई दिल्ली | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 692/2026


## जैक डोर्सी की कंपनी ब्लॉक इंक ने रातों-रात 4,000 कर्मचारियों को निकाला

नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नौकरियों को निगलने वाला कोई दानव बनता जा रहा है। ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी की फिनटेक कंपनी ब्लॉक इंक भी अब एआई की वजह से अपने कर्मचारियों की संख्या आधी करने जा रही है। ब्लॉक इंक, जो पहले 'स्क्वायर' के नाम से जानी जाती थी ने घोषणा की है कि वह अपने लगभग 4,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। कंपनी का मानना है कि भविष्य में लेबर प्रोडक्टिविटी का चेहरा पूरी तरह से बदलने वाला है और एआई इसमें केंद्रीय भूमिका निभाएगा। जैक डोर्सी के अनुसार, यह कदम कंपनी को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने और उसे अधिक 'चुस्त' बनाने की दिशा में उठाया गया एक रणनीतिक निवेश है। छंटनी की घोषणा के बाद ब्लॉक के शेयर आफ्टर-मार्केट ट्रेडिंग में 27 प्रतिशत तक उछल गए। कंपनी ने अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए 'गूज' नामक अपना खुद का एआई टूल विकसित किया है। डोर्सी का तर्क है कि जो काम पहले सैकड़ों लोग मिलकर करते थे, अब वे काम एआई टूल्स की मदद से बहुत कम समय और लागत में किए जा सकते हैं।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 पर बंद

मुंबई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशीमुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट से रुपये पर और दबाव पड़ा।

## विमान में खतरनाक वस्तुएं ले जाने के नए नियम लागू प्रमाणन व जबावदेही आधारित व्यवस्था का प्रावधान

मुंबई/नई दिल्ली (एजेंसी)। नागर विमानन मंत्रालय ने विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने के बारे में संशोधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इनमें ऐसी वस्तुओं की साज-संभाल के लिए प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। खतरनाक वस्तुओं से आशय उन वस्तुओं या पदार्थों से है जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं। नियमों में खतरनाक वस्तु की आवाजाही की जानकारी देने संबंधी ढांचे को कड़ा किया गया है। ये नियम अघोषित या गलत जानकारी देकर खतरनाक वस्तुओं को विमान में लेकर जाने से जुड़े हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इन वस्तुओं के प्रबंधन में चूक के मामलों में जांच के आदेश देने का अधिकार मिला है। 'विमान (खतरनाक वस्तुओं का परिवहन) नियम, 2026' को हितधारकों से परामर्श के बाद 17 फरवरी को अधिसूचित किया गया। खतरनाक वस्तुओं के परिवहन से संबंधित 2003 के नियम पूर्ववर्ती विमान अधिनियम के तहत बनाए गए थे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 सीआरपीसी /
(84—भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अतुल कुमार जैन पुत्र शील चंद जैन पता मकान सं 4114, न्यू विकास नगर जैन मंदिर के पास, लोनी गाजियाबाद उप्र—201102 और टाटा इंडिकॉम ऑफिस के बेसमेंट में भी मकान संख्या 120/21, गली नंबर 2, थाना रोड, भजन पुरा दिल्ली 53, और सी/ओ विकास जैन किशन बीज भंडार इलाहाबाद बैंक के सामने बड़ौत रोड बागपत उप्र 250609 और सी 28/3 दूसरी मंजिल न्यू अग्रवाल स्वीट्स भजन पुरा, यमुना विहार, दिल्ली—53 ने केस सं. 512310/2016 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: सब्जी मंडी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अतुल कुमार जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अतुल कुमार जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस सं. 512310/2016 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: सब्जी मंडी, दिल्ली **के उक्त अतुल कुमार जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
उर्वी गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(एनआई—एक्ट—01) केंद्रीय कमरा नं. 201,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2422/N/2026


## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## डीपीजी आईटीएम इंजी. कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया



गुरुग्राम। डी.पी.जी. आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज, सेक्टर 34 गुरुग्राम के प्रांगण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दो दिवसीय प्रतियोगी कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर कॉलेज के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट श्री सुरेन्द्र गहलोत जी एवं कॉलेज के डॉयरेक्टर प्रोफेसर आर सी कुहाड़ जी ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. के.पी. चैधरी जी (एनपीएल के चेयरमैन एवं महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व डायरेक्टर) का स्वागत एवं अभिनंदन अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत के महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन के सम्मान में उनकी जयन्ती के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी के दिन मनाया जाता है। देश के भौतिकी वैज्ञानिकों में से एक सीवी रमन द्वारा प्रचलित 'रमन इफेक्ट' की खोज की पुष्टि 28 फरवरी 1928 के दिन ही दिन की गयी थी, जिसके दो साल बाद में यानि वर्ष 1930 में उन्हें इस खोज के लिए नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसी उपलक्ष में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) द्वारा 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाए जाने की सलाह दी गयी थी।

## पंजाब में रेलवे विकास परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं: रवनीत सिंह बिट्टू

गुरदासपुर/पठानकोट। केंद्रीय राज्य मंत्री (रेलवे एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) रवनीत सिंह बिट्टू ने घोषणा की कि पंजाब में रेलवे विकास परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि पंजाब के लिए वार्षिक रेलवे बजट आवंटन अब 2009—2014 की अवधि की तुलना में लगभग 25 गुना बढ़कर 5,673 करोड़ हो गया है। वर्तमान में राज्य भर में 26,382 करोड़ की अवसंरचना परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें नई रेल लाइन बिछाना, स्टेशन पुनर्विकास, सुरक्षा उन्नयन उपाय और क्षमता वृद्धि से संबंधित अन्य कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के 30 रेलवे स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत 1,311 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। माननीय प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने दिल्ली से अंबाला के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के निर्माण को मंजूरी देने की सराहना की। यह महत्वपूर्ण परियोजना दिल्ली—जम्मू कॉरिडोर के चौड़ीकरण (क्वाड्रुपलिंग) की व्यापक योजना का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को उत्तरी राज्यों से जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है। 194 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की अनुमानित लागत 5,983 करोड़ है और इसे चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्नत कॉरिडोर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा, श्रीनगर, जम्मू और शिमला जैसे प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। रवनीत सिंह बिट्टू ने जालंधर कैंट–पठानकोट सेक्शन पर मिर्थल रेलवे स्टेशन के निकट नौलुंगा (किमी 94.030) पर रोड अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य की शुरुआत की भी घोषणा की।


### उत्तर रेलवे
#### इ—निविदा (इ—प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ—निविदा आमंत्रण।


| | |
|---|---|
| NIT-73 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता—II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के कार्यक्षेत्र में गाजियाबाद यार्ड पर लाइन नंबर 37 पर ट्रेन संचालन/रखरखाव कार्यों के लिए अतिरिक्त कमरों का प्रावधान व 2. सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद भिन्न एस.टी. बिल्डिंग की मरम्मत आदि के कार्य का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत(₹):** ₹69,24,012.31 **बयाना राशि(₹):** ₹1,38,500/- |
| NIT-74 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता—II के अंतर्गत DSA-SMQL-TPZ अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता शामवली के तहत (5.0 x 5.0) मीटर के एल एच एस के निर्माण द्वारा किमी 103/8—9 पर लेवल क्रॉसिंग नंबर 103 का उन्मूलन। **कार्य की अनुमानित लागत(₹):** ₹5,64,82,955.43 **बयाना राशि(₹):** ₹4,32,400/- |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 24.03.2026 को 15:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

- ठेकेदारों को ई—टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई—प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/e-Tender Notice/NIT-73 & 74-25-26-W-II दिनांक: 26.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 670/2026


## शब्द पहेली - 6152





मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -6151 का हल





# जैक्स-रेहान के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया

## ▶▶ अंग्रेजों ने लगातार तीसरा सुपर-8 मैच जीता ▶▶ कीवियों की उम्मीदें पाकिस्तान पर टिकीं

भाषा ▶▶ कोलंबो

विल जैक्स और रेहान अहमद के हरफनमौला खेल के दम पर इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में शुक्रवार को यहां हार के कगार से वापसी करते हुए न्यूजीलैंड पर चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जैक्स ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट और रेहान ने तीन ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लेने बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें विकेट के लिए 16 गेंद में 44 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जैक्स ने 18 गेंद में नाबाद 32 रन की ताबड़तोड़ पारी जबकि रेहान ने सात गेंद में नाबाद 19 रन बनाये। न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद इंग्लैंड ने तीन गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस नतीजे के साथ पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जीवित रहीं। अब उसे शनिवार को शनिवार को पाल्लेकल में श्रीलंका को 64 रनों से हराना होगा या 13.1 ओवर में लक्ष्य का पीछा करना होगा नहीं तो न्यूजीलैंड क्वालीफाई कर जाएगा। इंग्लैंड पहले ही तीन मैचों में तीन जीत से अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। लक्ष्य का पीछा करते समय इंग्लैंड की टीम 17 ओवर में छह विकेट पर 117 रन बनाकर संकट में फंसी हुई थी और उसे आखिरी 18 गेंदों पर 43 रन की दरकार थी। टूर्नामेंट में चौथी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये जैक्स और रेहान ने 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स पर 22 रन बटोरकर मैच का रुख पलट दिया और समीकरण 12 गेंदों में 21 रन पर ला दिया। इस जोड़ी ने कप्तान मिचेल सैंटनर के ओवर से 16 रन जुटाकर इंग्लैंड को निर्णायक बढ़त दिला दी और इंग्लैंड ने तीन गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले जैक्स और रेहान के साथ आदिल रशीद (28 रन पर दो विकेट) की स्पिनरों की तिकड़ी ने अच्छी शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड को बड़ स्कोर खड़ा करने से रोक दिया।

**न्यूजीलैंड को 4 विकेट से दी मात**




# 10 साल बाद फिर आमना-सामना, वेस्टइंडीज पर ढिलाई नहीं बरतेगी भारतीय टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल है, जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था। 31 मार्च 2016 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने विराट कोहली के नाबाद 47 गेंद पर बनाए 89 रन की मदद से 2 विकेट पर 192 रन बनाए थे। स्कोर कम नहीं था, लेकिन वेस्टइंडीज की मजबूत बल्लेबाजी ने इस स्कोर को बौना साबित कर दिया। लेंडल सिमंस के 51 गेंदों पर 5 छक्कों और 7 चौकों की मदद से खेली गई नाबाद 82 और आंद्रे रसेल के 20 गेंदों पर बनाए विस्फोटक 43 रनों की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाकर न सिर्फ मैच जीता था बल्कि अपने घर में भारतीय टीम के विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। उस समय टीम के कप्तान रहे डेरन सैमी मौजूदा समय में टीम के हेड कोच हैं।

## खबर संक्षेप



### अभिषेक ने आलोचकों को चुप करा दिया: गावस्कर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने कहा, 'हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।' अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया।

### अपने कौशल पर काम कर रहा हूं: अर्शदीप

**चेन्नई।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने कहा, 'मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं।



### टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है: रबाडा

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने कहा, 'यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं।'' दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है।



## महिला वनडे सीरीज में भारत को हराकर कंगारू टीम ने 2-0 से बढ़त की कायम

# ऑस्ट्रेलिया ने 14 ओवर पहले ही चेज कर लिया टारगेट, 5 विकेट से दूसरा वनडे किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶ होबार्ट

दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। महिला टीमों की इस सीरीज में कंगारू टीम ने 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली है। होबार्ट में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 251 रन ही बना पाई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके बड़ी जीत हासिल की।

पहले बल्लेबाजी करने आई टीम इंडिया के लिए प्रतिका रावल ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 31 रन बनाए, वहीं जेमिमा रोड्रीग्स का बल्ला खामोश रहा, कप्तान हरमानप्रीत कौर ने जरूर 54 रनों का योगदान दिया। एक समय टीम इंडिया ने केवल 2 विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे, लेकिन उसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नतीजन भारतीय बल्लेबाजी 251 रनों पर सिमट कर रह गई।



### लिचफील्ड और वॉल ने की 119 रनों की पार्टनरशिप

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली केवल 6 रन बनाकर आउट हो गईं। मगर दूसरे विकेट के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल ने 119 रनों की पार्टनरशिप कर भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप की कमर तोड़ कर रख दी। लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 101 रन बनाकर कोहराम मचाया। बेथ मूनी ने भी 31 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम के लिए काश्वी गौतम और दीप्ति शर्मा ने 2-2, जबकि क्रांति गौड़ ने 1 विकेट लिए।

### कप्तान हरमनप्रीत ने संभाली पारी

103 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी भारतीय टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संभाला और छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम का स्कोर 9 विकेट पर 251 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। हरमन आठवें विकेट के रूप में आउट हुईं। दाएं हाथ की इस अनुभवी बल्लेबाज ने 70 गेंदों पर 2 चौकों और 1 छक्के की मदद से 54 रन की पारी खेली। अमनजोत कौर ने 13, ऋचा घोष ने 22, काश्वी गौतम ने 25 और क्रांति गौड़ ने 19 रन की पारी खेली। अपना डेब्यू कर रही वैष्णवी शर्मा 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और अलाना किंग ने और एनाबेल सदरलैंड ने 2-2 विकेट लिए। मेगन स्कट और निकोला कैरी को 1-1 विकेट मिला। सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 1 मार्च को खेला जाएगा।

### भारत हारा सीरीज

3 वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। ब्रिसबेन में खेले गए पहले वनडे मैच में भी टीम इंडिया की बैटिंग लाइन-अप धराशाई हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने वह मैच 6 विकेट से जीता था। मगर उससे पहले तीन टी20 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया ने परचम लहराया था। भारत ने टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी।

### खराब बल्लेबाजी भारत को महंगी पड़ी: हरमनप्रीत



भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।' हरमनप्रीत ने कहा, 'हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं।

### मैं परिणाम से बहुत खुश हूं : एलिसा



ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली संन्यास लेने से पहले रविवार को अपना आखिरी मैच खेलेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं परिणाम से बहुत खुश हूं। यह उन मैच में से एक था, जहां मुझे लगा कि वे अच्छा स्कोर बनाने से बहुत पीछे रह गए, लेकिन साथ ही यह हमारे लिए हताशाजनक भी था क्योंकि मुझे लगा कि हम उन्हें थोड़ा और पहले आउट कर सकते थे। लेकिन इस तरह के विकेट पर उन्हें 250 रन पर रोकना हमारी टीम की एक शानदार कोशिश थी।

## सीजन में 7वीं बार झटके पारी में 5 विकेट

# रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आकिब नबी

एजेंसी ▶▶ हुबली



जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी में इतिहास रचा। आकिब नबी रणजी ट्रॉफी के 92 साल के इतिहास में एक ही सीजन में 60 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे तेज गेंदबाज बन गए।

आकिब नबी रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। आकिब नबी ने उत्तराखंड के मयंक मिश्रा को पीछे छोड़ा। मयंक मिश्रा ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में आठ मैच में 17.69 के औसत और 2.77 की इकॉनमी से 59 विकेट लिए। आकिब नबी के इस सीजन अब 10 मैच में 12.56 के औसत और 2.65 की इकॉनमी से 60 विकेट हो चुके हैं। आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में 7वीं बार पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने रणजी ट्रॉफी करियर में 15वीं बार पांच विकेट लिए। आकिब नबी ने फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ शिखर शेट्टी को आउट कर यह उपलब्धि अपने नाम की। इससे पहले उन्होंने मयंक अग्रवाल को आउट किया था।

### क्वार्टर-सेमीफाइनल में भी लिए थे 5-5 विकेट

*रणजी ट्रॉफी का यह सीजन आकिब नबी के लिए बहुत ही शानदार रहा है। आकिब नबी ने इस सीजन क्वार्टर फाइनल में पांच विकेट लिए थे। उसके बाद सेमीफाइनल में भी पांच विकेट लिए। अब फाइनल में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया। रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर कर्नाटक के श्रेयस गोपाल हैं। श्रेयस गोपाल ने 10 मैच में 22.04 के औसत और 2.83 की इकॉनमी से 47 विकेट लिए हैं। गुजरात के सिद्धार्थ देसाई चौथे नंबर पर हैं। सिद्धार्थ देसाई ने इस सीजन सात मैच में 18.42 के औसत और 2.63 की इकॉनमी से 45 विकेट लिए।*

## टी20 विश्व कप सुपर-8

# सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका, बड़ी जीत पर पाकिस्तान की नजर



एजेंसी ▶▶ पाल्लेकल

अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा।

संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

### बेहतर स्थिति में कीवी टीम

अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है।

### सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर श्रीलंका

श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था।दासुन शनाका की टीम ने शानदार शुरुआत की और ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त देकर खिताब के दावेदारों में अपना नाम शामिल कर लिया था। लेकिन श्रीलंका उस जीत के बाद जिम्बाब्वे, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन मैच हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका का शतक सुदूर अतीत की किसी घटना जैसा लगता है, क्योंकि श्रीलंका खेल की प्रत्येक विभाग में जूझ रहा है।श्रीलंका की बल्लेबाजी में गहराई और दृढ़ता दोनों की कमी रही है, जिसके चलते वे नियमित रूप से जल्दी विकेट गंवाते रहे हैं और दबाव वाली परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

# नीमन को हराकर अरविंद ने चौंकाया, गुकेश ने खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ प्राग



विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया, जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी।

# रणजी ट्राफी फाइनल: जम्मू कश्मीर ने बनाई 477 रनों की बढ़त, कर्नाटक की उम्मीद खत्म

एजेंसी ▶▶ हुबली

जम्मू-कश्मीर की टीम ने शुभम पुंडीर की 121 रनों की शतकीय पारी की बदौलत पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम आकिब नबी (5 विकेट हॉल) की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पहली पारी में 293 रन पर ही सिमट गई।

इसके बाद चौथे दिन के अंत तक जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बना लिए और कर्नाटक पर 477 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। अब जम्मू-कश्मीर इस मैच को ड्रॉ की ओर ले जाकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी जीतना चाहेगी। वहीं कर्नाटक की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।



## उत्तर प्रदेश में हुई एम टी-700 वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर का खिताब जीता

# सीनियर टेनिस में भारत के नंबर वन खिलाड़ी बने योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मेरठ उत्तर प्रदेश में एमटी 700 वल्ड टेनिस मास्टर्स टूर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के अनेक सीनियर टेनिस खिलाडियों ने हिस्सा लिया। हिसार के सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने इस सीनियर टेनिस प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। एमटी 700 प्रतियोगिता में जीत के बाद वे भारत के नंबर वन सीनियर टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। एमटी-700 प्रतियोगिता टेनिस की टॉप लेवल की प्रतियोगिता है। सीनियर टेनिस में 100, 200, 400 व 700 एमटी की प्रतियोगिताएं होती हैं जिनमें विजयी रहने वाले खिलाडि़यों की वल्ड रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इससे पूर्व जनवरी माह में योगेश कोहली ने गुड़गांव में आयोजित एमटी 400 की प्रतियोगिता जीती थी। अपनी इस उपलब्धि पर योगेश कोहली ने कहा कि यह जीत उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट को जीतने के बाद योगेश कोहली की भारत में रैंकिंग नंबर 1 और विश्व में 40वें स्थान पर पहुंच गई है। योगेश कोहली हरियाणा के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईटीएफ मास्टर्स में भारत का नंबर 1 स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता जीतने के बाद योगेश कोहली की इसी साल रोम इटली में होने वाली टेनिस विश्व चैंपियनशिप के लिए चुने जाने की प्रबल संभावना है। योगेश कोहली कोहली हिसार में गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी स्थित टेनिस कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं और खिलाडि़यों को प्रशिक्षण भी देते हैं। उन्होंने गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व गुजवि के स्पोर्ट्स डायरेक्टर का कोर्ट में प्रैक्टिस के सहयोग के लिए विशेष तौर पर आभार जताया।

**योगश कोहली की विश्व रैंकिंग 40 और भारत में रैंक 1 हुई**

**प्रतियोगिता में जीत के बाद योगेश कोहली का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन की प्रबल संभावना**




**हिसार।** मेरठ में आयोजित प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद विजयी मुद्रा में।




केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का दावा

# टैरिफ अनिश्चितता के बीच यूएस के साथ ट्रेड डील में अपने हितों की रक्षा करेगा भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा पहले घोषित टैरिफ बढ़ोतरी को रद्द किए जाने के बाद बदली हुई स्थिति को देखते हुए, यदि आवश्यक हुआ तो भारत अपने हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते में फिर से संतुलन लाने का प्रयास करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर बदलती स्थिति को देखते हुए हम हालात पर नजर रखेंगे और भारत के हितों की रक्षा सुनिश्चित करेंगे।

पीयूष गोयल ने कहा कि बदलती परिस्थितियों के बीच अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और समझौते के कई सकारात्मक पहलू सामने आए हैं

### द्विपक्षीय वार्ता जारी, सकारात्मक संकेत

हालात पर नजर रख रहा भारत

ट्रंप प्रशासन और अदालत के निर्णयों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

### इस वर्ष भारत के निर्यात में वृद्धि की संभावना

#### फिर से संतुलन बनाएंगे

उन्होंने कहा कि हालात लगातार बदल रहे हैं और ट्रंप प्रशासन ने कुछ बयान दिए हैं। उनके पास अन्य उपाय भी हैं जिनका वे इस्तेमाल कर सकते हैं। अगले हफ्ते वे टैरिफ बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर सकते हैं। साथ ही अन्य कई तरह की बातचीत चल रही है। मैंने कहा था कि अगर हालात बदलते हैं, तो समझौते में फिर से संतुलन स्थापित किया जाएगा।

#### समझौते में कई सकारात्मक पहलू

उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुए समझौते में कई सकारात्मक पहलू हैं, देखते हैं आगे क्या होता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौता प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के बारे में होता है। बदलती परिस्थितियों के बीच अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और समझौते के कई सकारात्मक पहलू सामने आए हैं।

#### संवेदनशील क्षेत्र संरक्षित रखे गए

*गोयल ने दोहराया कि प्रस्तावित व्यवस्था में भारत के संवेदनशील डेयरी और कृषि क्षेत्रों को संरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस वर्ष भारत के निर्यात में वृद्धि की संभावना है।*


#### बैठक पुनर्निर्धारित, नई तारीख का ऐलान जल्द होगा

*भारत और वाशिंगटन ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर आधिकारिक बैठक को पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है, ताकि दोनों पक्ष ट्रंप प्रशासन द्वारा किए गए शुल्क वृद्धि को रद्द करने वाले अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के प्रभावों पर विचार कर सकें। दोनों देशों के मुख्य व्यापार वार्ताकारों के नेतृत्व वाली टीमों के बीच तीन दिवसीय बैठक पहले 23 फरवरी को अमेरिका में प्रस्तावित थी। बैठक के लिए एक नई तारीख तय की जाएगी, जो दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक हो।*

## खबर संक्षेप

### नेपाल में 4.7 तीव्रता का भूकंप, कोई नुकसान नहीं


**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी हिस्से में शुक्रवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमानी पर



इसकी तीव्रता 4.7 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह 3 बजकर 18 मिनट पर आया। इसका केंद्र संखुवासभा और तपलेजुंग सीमा के पास टोपके गोला क्षेत्र में था, जो काठमांडू से लगभग 400 किमी पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके भोजपुर, पांचथर और तेहरथुम जिलों में भी महसूस किए गए। फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए है।

### आत्महत्या शब्द खोजने पर इंस्टाग्राम देगा अलर्ट

**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि यदि किशोर उपयोगकर्ता आत्महत्या या



खुद को नुकसान पहुंचाने से संबंधित शब्दों को बार-बार खोजते हैं, तो वह उनके अभिभावकों को सूचित करेगा। यह अलर्ट केवल उन अभिभावकों को भेजे जाएंगे जो इंस्टाग्राम के 'पैरेंटल सुपरविजन' कार्यक्रम में नामांकित हैं। इंस्टाग्राम का कहना है कि वह पहले से ही ऐसे संवेदनशील कंटेंट को किशोरों के सर्च परिणामों में दिखने से रोकता है। इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा दो मुकदमों का सामना कर रही है।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान में 'छिड़ी जंग', इस्लामाबाद ने ऑपरेशन 'गजब लिल-हक' शुरू किया

# काबुल का दावा, 19 चौकियों पर कब्जा, 55 पाक सैनिक मारे, इस्लामाबाद ने 133 लड़कों को मारा

एजेंसी ⏭ काबुल/ इस्लामाबाद

*पाकिस्तानी वायुसेना ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के काबुल और कंधार में हवाई हमला किया। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। तालिबान प्रशासन के अनुसार अब तक एक मुख्यालय और 19 चौकियों पर कब्जा किया जा चुका है। चार चौकियां खाली कर दी गईं और उन्हें पूरी तरह जला दिया गया*

पाकिस्तानी वायुसेना ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के काबुल और कंधार में हवाई हमला किया। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। जिसके बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। तालिबान शासन ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि रक्षा मंत्रालय की वायु सेना ने गुरुवार सुबह लगभग 11:00 बजे हवाई हमले किए। इन हमलों का निशाना इस्लामाबाद के फैजाबाद के पास एक सैन्य कैंप और नौशेरा में एक सैन्य अड्डा था। तालिबना के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने कहा कि डूरंड लाइन पर व्यापक जवाबी सैन्य अभियान को शुरू किया गया है। यह कार्रवाई 203 मंसूरी कॉर्प्स और 201 खालिद बिन वलीद कॉर्प्स की तरफ से पक्तिया, पक्तिका, खोस्त, कुनर, नूरिस्तान और नंगरहार प्रांतों के कई इलाकों में और तोरखम गेट पर की जा रही है।

अब तक एक मुख्यालय और 19 चौकियों पर कब्जा किया जा चुका है। चार चौकियां खाली कर दी गईं और उन्हें पूरी तरह जला दिया गया। उनके मुताबिक 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जिनमें से 23 के शव और कुछ अन्य सैनिकों को जिंदा हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा दर्जनों हल्के और भारी हथियार जब्त, एक टैंक नष्ट किया गया और एक इंटरनेशनल हार्वेस्टर वाहन कब्जे में लेने का भी उन्होंने दावा किया है। उप प्रवक्ता के बयान में कहा गया है कि जवाबी सैन्य अभियान अभी जारी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 2611 किलोमीटर लंबी सीमा को 'डूरंड लाइन' कहा जाता है, जिसे काबुल ने कभी आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दी है। इसी सीमा को लेकर पिछले कुछ महीनों में दोनों देश कई बार आमने-सामने आए हैं।

### अफगानिस्तान ने दर्जनों हथियार जब्त किए

### पाकिस्तान ने तालिबान के 27 ठिकाने नष्ट किए


हमले करती पाकिस्तान और तालिबान सेना

पाक रक्षा मंत्री की धमकी

### 'अब दमा-दम मस्त कलंदर होगा'


ख्वाजा आसिफ

अफगानिस्तान के हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के कंधार और काबुल सहित कई प्रमुख शहरों पर बमबारी की। पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन का नाम 'गजब लिल-हक' दिया है। करीब दो घंटे तक चले हवाई हमलों में पाकिस्तान ने 133 अफगान लड़कों को मारने का दावा किया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने पुष्टि की है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 200 से अधिक घायल हुए हैं। इन अभियानों में तालिबान के 27 ठिकाने नष्ट कर दिए गए हैं और नौ ठिकानों पर कब्जा कर लिया गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुली जंग का ऐलान किया। साथ ही धमकी भरा बयान जारी करते हुए कहा कि हमारे सब्र का प्याला भर चुका है। अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। अब दमा दम मस्त कलंदर होगा। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान की सेना समुद्र पार से नहीं आई है।

#### बातचीत करें: चीन



*चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दोनों देशों से तुरंत युद्धविराम करने की अपील की है। साथ ही दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य टकराव पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चीन इस स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। चीन दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और आपसी रिश्ते सुधारने में भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हमारी अपील है कि बातचीत के जरिए मतभेद खत्म किए जाएं। पड़ोसी और दोस्त होने के नाते चीन इस घटनाक्रम से चिंतित है।*

#### संवाद से करें समाधान: ईरान

*ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान दोनों देशों के बीच समझ और सहयोग बढ़ाने के लिए जरूरी कोई भी मदद देने के लिए तैयार है। हम बढ़ते संघर्ष से चिंतित हैं और शांति की अपील करते हैं। दोनों देश अपने मौजूदा मतभेदों को अच्छे पड़ोसीपन के ढांचे में और संवाद के रास्ते से प्रबंधित और हल करें। ईरान दोनों देशों के बीच संवाद को सुगम बनाने तथा समझ और सहयोग को मजबूत करने में किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।*

#### तनाव कम करें: तुर्की



तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने टेलीफोन पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से बात की है। तुर्की विदेश मंत्रालय ने कहा कि डार से बातचीत में उनके मंत्री ने तनाव कम करने की अपील की है। तुर्की सरकार ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बदलते डेवलपमेंट पर करीब से जुड़े रहने की बात कही है।

#### सैन्य कार्रवाई रोकें: मलेशिया पीएम

मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान तनाव पर चिंता जताई और कहा कि उन्हें दोनों तरफ हुई जान के नुकसान का अफसोस है। अनवर ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान से संयम दिखाने और तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुलह सिर्फ बातचीत की टेबल पर ही मुमकिन है।

#### मतभेद सुलझाए: रूस

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि इस लड़ाई में आर्मी, एयरफोर्स और भारी हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है। दोनों तरफ लोग हताहत हुए हैं, जिसमें आम नागरिक भी शामिल हैं। हम अपने मित्र देशों अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वे इस खतरनाक टकराव को छोड़ दें और सभी मतभेदों को राजनीतिक व कूटनीतिक तरीके से सुलझाने के लिए बातचीत की मेज पर लौट आएं।

उपराष्ट्रपति वेंस का बड़ा खुलासा

# अमेरिका नहीं बनेगा मध्य पूर्व में किसी 'लंबे युद्ध' का हिस्सा


अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। वेंस ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य हमले अभी भी विचाराधीन हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि ऐसी कार्रवाई वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में तब्दील हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह सोचना कि हम मध्य पूर्व में वर्षों तक बिना किसी अंत के युद्ध में उलझे रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है। जेडी वेंस ने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप आखिरकार क्या निर्णय लेंगे। विकल्पों में ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए सैन्य हमले करना या समस्या का कूटनीतिक समाधान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी कूटनीतिक विकल्प को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन यह वास्तव में इस बात पर निर्भर करता है कि ईरानी क्या करते हैं और क्या कहते हैं।

#### जो होना है, वह हमने बता दिया: अराघची

*अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान गुरुवार को जिनेवा में दोनों देशों ने वार्ता की। कई घंटों की बैठक के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह गहरी चिंता भरी लंबी बातचीतों में से एक है। जिनेवा में अब तक हुई इन चर्चाओं के बाद कोई समझौता नहीं हो सका, जिससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आशंका बनी हुई है। अराघची ने कहा कि जो कुछ होना है, वह हमारी ओर से साफ कर दिया गया है। जिनेवा में हुई कई घंटों की अप्रत्यक्ष वार्ता के बावजूद दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा कि बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आगे की वार्ता का दौर अगले सप्ताह वियना में होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का मुख्यालय स्थित है।*

#### यूरेनियम संवर्धन जारी रखेगा ईरान

*अराघची ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका हमला करता है तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने वैध लक्ष्य माने जाएंगे और इससे व्यापक क्षेत्रीय युद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने इसे बहुत डरावना बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में किसी की जीत नहीं होगी। सूत्रों ने बताया कि तेहरान यूरेनियम संवर्धन जारी रखने के अपने अधिकार पर अडिग है और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हटाने की मांग कर रहा है। यह रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांगों से अलग माना जा रहा है। ट्रंप की मांग है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन, लंबी दूरी की मिसाइल कार्यक्रम पूरी तरह रोके। इसके साथ ही हमास और हिजबुल्लाह जैसे समूहों को समर्थन देना बंद करे। वहीं, ईरान का कहना है कि वह केवल परमाणु मुद्दे पर बात करेगा।*

# औपनिवेशिक प्रतीकों के स्थान पर भारतीय महानायकों और परंपराओं को प्रमुखता देने की मोदी सरकार की एक और पहल

## दिल्ली को आकार देने वाले एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह ली राजगोपालाचारी ने

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण से हटाई गई ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की कांस्य प्रतिमा (बस्ट) को अब राष्ट्रपति भवन संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। यह संग्रहालय पहले से ही कई औपनिवेशिक काल के कलाकृतियों और ऐतिहासिक वस्तुओं को समेटे हुए है।

लुटियंस वही वास्तुकार थे जिन्होंने नई दिल्ली के कई प्रमुख और प्रतिष्ठित भवनों की रूपरेखा तैयार की थी, जिनमें राष्ट्रपति भवन भी शामिल है। पिछले सप्ताह उनके बस्ट को केंद्रीय प्रांगण से हटाकर उसकी जगह देश के अंतिम और एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल रहे सी. राजगोपालाचारी (राजाजी) की प्रतिमा स्थापित की गई। सूत्रों के अनुसार, हटाई गई प्रतिमा को राष्ट्रपति भवन संग्रहालय में अन्य ऐतिहासिक वस्तुओं के साथ रखा गया है। संग्रहालय की स्थापना पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के कार्यकाल में की गई थी। यहां किंग जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी की प्रतिमाएं, एक चंद्र शिला (लूनर रॉक) तथा स्वतंत्रता के शुरुआती वर्षों में राष्ट्रपतियों द्वारा उपयोग की गई एक पुरानी कार भी प्रदर्शित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजाजी की प्रतिमा स्थापना को भारत के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक दौर की पेंटिंग्स और कलाकृतियों के स्थान पर भारत की अपनी कलात्मक परंपराओं से जुड़ी कृतियों को स्थापित करना एक सराहनीय कदम है। उनका कहना था कि संप्रभुता केवल राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि जब नागरिक इन प्रांगणों से गुजरें तो उन्हें अपनी कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक कल्पना का सम्मान होता दिखाई दे। दूसरी ओर, ब्रिटिश जीवविज्ञानी मैट रिडले, जो लुटियंस के परपोते हैं, ने इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे भारत की औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाने की इच्छा को समझते हैं, लेकिन लुटियंस वायसराय नहीं, बल्कि एक वास्तुकार थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राजाजी की प्रतिमा लगाए जाने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजाजी राष्ट्रपति भवन के पहले भारतीय अधिवासी थे और भारत के एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल रहे। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति को अपना पद सौंपा था। थरूर ने कहा कि वे राजाजी के विचारों और सिद्धांतों-उदार अर्थनीति, मुक्त उद्यम के समर्थन और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता से लंबे समय से प्रभावित रहे हैं।

सरकार का कहना है कि नए भवनों के निर्माण, पुराने नामों में परिवर्तन और औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाने जैसे कदमों के माध्यम से देश अपनी औपनिवेशिक विरासत से आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है। वर्ष 2023 में नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद पुरानी संसद इमारत, जो लुटियंस की वास्तुकला की पहचान मानी जाती है, को 'संविधान सदन' के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है। इस घटनाक्रम को भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के पुनर्संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जहां औपनिवेशिक प्रतीकों के स्थान पर भारतीय महानायकों और परंपराओं को प्रमुखता दी जा रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए वैज्ञानिकों को दी बधाई

डीआरडीओ ने परीक्षणों को यूजर वेलीडेशन का नाम दिया

# डीआरडीओ ने किए बेहद छोटी दूरी के एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के 3 सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन-पाकिस्तान की ओर से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बेहद छोटी दूरी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम (वीएसएचओआरएडीएस) के तीन उड़ान परीक्षणों को सफलता के साथ पूरा किया है। जिसमें इस मिसाइल सिस्टम ने तेजी के साथ अलग-अलग रेंज, गति और अल्टीट्यूड में उड़ान भर रहे दुश्मन के कृत्रिम लक्ष्यों की पहचान कर सटीकता से वार कर उन्हें नष्ट कर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ और सशस्त्र सेनाओं को बधाई दी है। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर. वी. कामत ने भी इस परीक्षण के लिए डीआरडीओ वैज्ञानिकों की पूरी टीम समेत तमाम अन्य भागीदारों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी हैं।



#### तीनों सेनाओं की बढ़ेगी मारक क्षमता

ये सिस्टम मेन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है। जिसे स्वदेशी रूप से डिजाइन-विकास के साथ डीआरडीओ की इमारत प्रयोगशाला ने विकसित किया है। ये मिसाइल तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान करने के मददगार साबित होगी।

#### तय लक्ष्यों को ढूंढा, फिर नष्ट किया

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ये परीक्षण ओडिशा तट के पास चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में किया गया। जिसमें मिसाइल ने तीनों बार अपने निर्धारित लक्ष्यों को बखूबी नष्ट किया। ये लक्ष्य दुश्मन के विमानों की नकल करते हुए तमाम तरह के चुनौतीपूर्ण परिदृश्य के कृत्रिम नजारे के दौरान मिसाइल ने अपने अचूक वार से तहस नहस किए गए। परीक्षणों पर के लिए आईटीआर में मौजूद टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और रडार के माध्यम से गहन निगरानी रखी गई। डीआरडीओ ने इन परीक्षणों को यूजर वेलीडेशन का नाम दिया है। जिसे उसने सशस्त्र सेनाओं और डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों और उत्पादन भागीदारों के समक्ष किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109